तापमान
अधिकतम 34 डिग्री
न्यूनतम 21 डिग्री

हरिभूमि
# सरगुजा-कोरिया भूमि
बिलासपुर, बुधवार, 22 जुलाई 2026
अम्बिकापुर | सूरजपुर | बलरामपुर | विश्रामपुर | लखनपुर | रामानुजगंज

4 औसत वर्षा का कोटा अभी अधूरा, अब तक सामान्य से 200 मिमी कम वर्षा



## खबर संक्षेप

### ग्रेविटी पाइप लाइन विस्तार के लिए प्रक्रिया शुरू

**अंबिकापुर।** बांकी डेम से शहर के तकिया फिल्टर प्लांट तक नगर निगम द्वारा अब ग्रेविटी पाइप लाइन का विस्तार किया जाएगा। ग्रेविटी पाइप लाइन के विस्तार हेतु ननि को मुख्यमंत्री नगरोत्थान योजना अंतर्गत लगभग 9 करोड़ 20 लाख की स्वीकृति प्रदान कर दी गई है। बांकी जलाशय से तकिया फिल्टर प्लांट तक ग्रेविटी पाइपलाइन कार्य हेतु जल प्रदाय विभाग के प्रभारी सदस्य जितेन्द्र सोनी ने स्वीकृति प्रदान करने हेतु उपमुख्यमंत्री व नगरी प्रशासन मंत्री अरुण साव, विधायक व केबिनेट मंत्री राजेश अग्रवाल, महापौर श्रीमती मंजूषा भगत, सभापति हरमिंदर सिंह टिन्नी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उक्त कार्य के होने बाकी डेम से बिना अवरुद्ध तकिया फिल्टर प्लांट तक पानी आ सकता है व बारिश में नदी के माध्यम से प्लांट तक पानी आता है व पानी गंदा होने से पानी के फिल्टर एवं टिटमेंट में काफी परेशानी जाती थी। जिससे जल सप्लाई प्रभावित होता था। इस कार्य के होने से जल सप्लाई में सबसे बड़ी समस्या का समाधान होगा और जनता को राहत मिलेगी। इस कार्य की स्वीकृति पश्चात निविदा जारी कर दिया गया है।

### शहरी क्षेत्र में भारी वाहनों के प्रवेश पर रोक

**रामानुजगंज।** दुर्घटनाओं एवं आवागमन की समस्या को देखते हुए कलेक्टर ने नपा क्षेत्र में भारी वाहनों के प्रवेश पर रोक लगा दी है। अब भारी वाहन बायपास मार्ग से अन्तर्राज्यीय बैरियर तक आवागमन करेंगे। शासन द्वारा सुरक्षित आवागमन के लिए बायपास सड़क निर्माण किया गया है इसके बावजूद भारी वाहन पहाड़ी मंदिर चौक, लरंग साय चौक के रास्ते अंतर्राज्यीय बैरियर तक आवागमन कर रहे है। घनी आबादी के बीच से भारी वाहनों के गुजरने के कारण नगरवासियों को आवागमन में परेशानी होती है साथ ही हमेंशा दुर्घटना का भय बना रहता है। क्षेत्रवासियों की लगातार शिकायत एवं जनप्रतिनिधियों की पहल पर कलेक्टर ने भारी वाहनों के नगर के बीच से आवागमन पर रोक लगा दी है।

### साइबर अपराध एवं आईटी एक्ट के मामले में फरार आरोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार

शंकरगढ़। पुलिस के मुताबिक पीड़िता ने 9 अक्टूबर 2025 को शंकरगढ़ थाने में शिकायत दर्ज कराई थी कि त्रिकुंडा थाना अंतर्गत डिण्डो क्षेत्र के ग्राम बसेरा खुर्द निवासी अजय कुमार रवि आ. गजाधर रवि (22 वर्ष) वर्ष 2025 के जनवरी माह में चालक को काम करने शंकरगढ़ आया था। इस बीच परिचय होने के बाद उससे बातचीत करने लगा। कुछ दिन बाद अजय उसके पति को जान से मारने की धमकी देना के साथ गाली-गलौज करना और अश्लील वीडियो एवं आपत्तिजनक संदेश मोबाइल में भेजने लगा। पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी के विरूद्ध धारा 296, 351(2), 79 एवं 67, 67(ए) आईटी एक्ट के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना शुरू की। घटना के बाद आरोपी लगातार फरार था। मुखबिर से सूचना पर पुलिस टीम ने उसके गांव पहुंचकर हिरासत में लिया। पुलिस ने विधिवत कार्रवाई करते हुए आरोपी को न्यायालय पेश किया जहां से उसे जेल भेज दिया गया है।

### बिटगेट वॉलेट में करा रहे थे निवेश

# सरगुजा में चल रहा क्रिप्टो करंसी के नाम पर ठगी का खेल, गिरोह के पांच गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

सरगुजा में क्रिप्टो करंसी के नाम पर ठगी का मामला सामने आया है। लोगों को सेमीनार में बुलाकर लाखों रूपए की कमाई का लालच देकर क्रिप्टो करेंसी में निवेश कराया जा रहा है। फिलहाल इस मामले में पुलिस ने पांच लोगों को गिरफ्तार किया है। बड़ी बात यह है कि आरोपी नेपाल से ट्रेनिंग लेकर आए है और लोगों को सेमिनार में बुलाकर ठगी का शिकार बना रहे है। ऐसे में समय रहते पुलिस ने इस गिरोह का भांडा फोड़ करते हुए आरोपियों को पकड़ा है जबकि अन्य की तलाश जारी है।

**खास बात**
- फरार आरोपियों की तलाश जारी

बताया जा रहा है कि दरिमा इन्दरपुर निवासी विद्याचरण राव ने मणीपुर थाना में शिकायत दर्ज कराई थी कि उसके गांव के त्रिपाल टोप्पो ने ऑनलाइन शेयर मार्केट में फायदा कमाने और खुद भी उस शेयर मार्केट से जुड़े होने की जानकारी दी थी और बाद में उदयपुर निवासी राजकुमार पैंकरा से मिलवाया था। राजकुमार पैंकरा ने उसे ऑनलाइन बिटगेट वॉलेट (एलजीएनएस) क्रिप्टो वायलेट एप के बारे में बताया था। 19 जुलाई को राजकुमार के बहकावे में आकर विद्याचरण राव होटल फिल आनंदम में आयोजित एक ट्रेनिंग सेमीनार में पहुंचा जहां कान्ता प्रसाद राजवाड़े लैपटॉप एवं प्रोजेक्टर के माध्यम से अन्य 10-12 लोगो को बिटगेट वालेट क्रिप्टो वायलेट ऐप के शेयर मार्केट में पैसा बढ़ाने के बारे में बताया जा रहा था। उन्हें बताया गया कि 12 लेवलो में पहुंचने के बाद फ्री में पैसा मिलते रहेगा बस इस शेयर में पैसा लगाना है। ट्रेनिंग के दौरान राजकुमार ने विद्याचरण राव से भी 10 हजार रूपए नगद लेकर एक साल में एक लाख रूपए होने की बात कही गई। बाद में ठगी का एहसास होने पर उसने मामले की शिकायत पुलिस से की थी जिसके बाद पुलिस द्वारा बीएनएस की धारा 318(4), 61(2) के तहत अपराध दर्ज किया गया था और आरोपियों की तलाश चल रही थी। जांच के दौरान पुलिस ने लखनपुर सिंगीटाना निवासी 27 वर्षीय कान्ता प्रसाद आ. दिलु राम राजवाड़े, उदयपुर पंडरीडांड निवासी 42 वर्षीय राजकुमार पैकरा आ. स्व. अमीर साय, दरिमा नवानगर महादेवटिकरा निवासी 36 वर्षीय जीवन साय टोप्पो आ. दिलराम टोप्पो, दरिमा टपरकेला निवासी 35 वर्षीय फिरोज लकड़ा आ. रामसाय लकडा व गांधीनगर अम्बे कालोनी निवासी 46 वर्षीय मुकेश कुमार गुप्ता आ. बिनोद कुमार गुप्ता को हिरासत में लेकर पूछताछ की गई तो उन्होंने अपना जुर्म कबूल कर लिया। इस कार्रवाई में थाना प्रभारी मणीपुर सीपी तिवारी, सउनि अनिल पाण्डेय, राकेश मिश्रा, आरक्षक रामशंकर यादव, अनिल परिहार, अनिल सिंह, निरंजन बड़ा की सक्रिय भूमिका रही।


पुलिस गिरफ्त में आरोपी।

**इस तरह करा रहे थे निवेश**

आरोपियों ने पुलिस को बताया कि बिलासपुर निवासी त्रिभुवन साहू और रमाशंकर साहू द्वारा उन्हें क्रिप्टो करंसी बिटगेट वालेट में निवेश करने के लिए जानकारी देने के साथ ही बिलासपुर में ही कई प्रशिक्षण दिया गया। इस गिरोह में लोगों को जोड़ने और क्रिप्टो करंसी खरीदने के लिए राजी करने के बाद उसके मोबाइल फोन पर प्ले स्टोर में जाकर बिटगेट वालेट एप्लीकेशन डाउनलोड करवाकर उससे नगद फोन पे के माध्यम से 100, 200, 1000, 5000 पैसा लेकर उनको उक्त पैसा के बदले में उतने ही कीमत का क्रिप्टो करंसी खरीदकर न्यू वालेट क्रिएट कर उनके रिसिविंग एड्रेस पर टोकन ट्रांसफर करता है तथा जिसमें बिनांस आईडी के माध्यम से रजिस्टर कर केवाईसी वैरिफाइड कर क्रिप्टो करंसी से आईएनआर इंडियन रूपीस आई एनआर से क्रिप्टो करंसी में कन्वर्ट होता है तथा क्वाईन को होल्ड करके रखता है जब उसको जरूरत पड़ने पर बेच सकता है या पैसा निकाल सकता है, जिसमे कोई लॉकिन पीरियड नहीं रहता है।

**नेपाल से आए थे ट्रेनिंग करके**

पुलिस की जांच में बात सामने आई कि आरोपी नेपाल से ट्रेनिंग करके आए है। नेपाल में उन्होंने अपनी ट्रेनिंग में जो कुछ भी सीखा है उसके आधार पर सरगुजा में सेमिनार कर लोगों से दस दस हजार रूपए का निवेश कराकर अपने नीचे जोड़ने का काम कर रहे है। त्रिपाल के कहे पर विद्याचरण ने भी अपने दस हजार रुपए बिटगेट वॉलेट में लगाए थे। सेमीनार में आरोपियों ने बताया कि आरोपी को त्रिभुवन साहू व रमाशंकर साहू के बताए अनुसार प्लेटफार्म से क्रिप्टो करंसी खरीदकर होल्ड करके रखते है उससे आरोपियों को बीच-बीच में 1000, 2000, 3500 रूपए 5 दिन व 10 दिन में मुनाफा होता है तथा इस प्लेटफार्म में अधिकतम समय तक अपने क्वाईन को होल्ड रखने से उतना ही ज्यादा मुनाफा होता है। पुलिस ने सेमीनार में उपयोग किए गए लैपटॉप, लैपटॉप का बैग, चार्ज वायर, प्रोजेक्टर, स्पीकर, मोबाईल, 3 नग डायरी, 1 नग नोट बुक, 1 नग टी-शर्ट जब्त किया है। इसके साथ ही आरोपियों के खिलाफ धारा 317(4) जोड़ी गई है।



## सिलफिली में चलते ट्रेलर पर गिरा विशाल सरई का पेड़, चालक घायल

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

लगातार हो रही बारिश के बीच मंगलवार की सुबह एन एच 43 पर बड़ा हादसा टल गया। सिलफिली स्थित आकाशवाणी केंद्र और 10 वीं बटालियन के बीच सुबह करीब 6.30 बजे अचानक एक विशालकाय सरई का पेड़ चलती ट्रेलर के केबिन पर भरभराकर गिर पड़ा। हादसे में ट्रेलर चालक गंभीर रूप से घायल हो गया,इस दौरान एनएच की दोनों तरफ वाहनों की लंबी कतारें लग गईं और करीब दो घंटे तक यातायात बाधित रहा। जानकारी के अनुसार नया ट्रेलर वाहन को लेकर चालक जमशेदपुर झारखंड निवासी साजिद जमशेदपुर से मध्यप्रदेश के सीहोर जा रहा था,जैसे ही वाहन सिलफिली के पास पहुंचा, लगातार बारिश के कारण सड़क किनारे खड़ा सरई का विशाल पेड़ अचानक उखड़कर सीधे ट्रेलर के केबिन पर आ गिरा। पेड़ गिरने की आवाज से आसपास अफरा-तफरी मच गई और अन्य वाहन चालकों ने तत्काल अपने वाहन रोक दिए।

- एनएच पर लगा लम्बा जाम

हादसे में ट्रेलर चालक साजिद निवासी जमशेदपुर के पैर में चोट आई है। स्थानीय लोगों ने तत्काल उसे वाहन से बाहर निकालकर उपचार के लिए भेजा। प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टरों ने उसे मेडिकल कॉलेज अस्पताल अंबिकापुर रेफर किया, लेकिन बाद में परिजन उसे बेहतर इलाज के लिए जमशेदपुर ले गए हैं। दुर्घटना की सूचना मिलते ही जयनगर पुलिस और हाइवे पेट्रोलिंग की टीम मौके पर पहुंची।बड़े आकार के भारी भरकम पेड़ सड़क के बीचों-बीच गिरने से राष्ट्रीय राजमार्ग पूरी तरह अवरुद्ध हो गया था। पुलिस व हाइवे पेट्रोलिंग कर्मियों और स्थानीय लोगों ने मिलकर करीब दो घंटे तक लगातार मशक्कत करते हुए पेड़ को काटकर हटाया, जिसके बाद सुबह करीब साढ़े आठ बजे के आसपास यातायात सामान्य हो सका। हादसे के बाद सड़क के दोनों ओर ट्रकों, बसों, कारों और अन्य छोटे-बड़े वाहनों की लंबी कतारें लग गई थी। कई यात्रियों को घंटों सड़क पर इंतजार करना पड़ा। सुबह के व्यस्त समय में यातायात प्रभावित होने से लोगों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ा। लोगों का कहना है कि राष्ट्रीय राजमार्ग 43 के किनारे कई पेड़ वर्षों से सूखे और कमजोर अवस्था में खड़े हैं।

लगातार बारिश और तेज हवा के दौरान इनके गिरने का खतरा हमेशा बना रहता है। लोगों का कहना है कि यदि समय रहते ऐसे पेड़ों की पहचान कर उन्हें हटाया नहीं गया, तो भविष्य में इससे भी बड़ा हादसा हो सकता है।

## प्रधान पाठक की हत्या करने वाले चचेरे भाइयों को भेजा गया जेल

**अंबिकापुर।** प्रधान पाठक की बेरहमी से हत्या करने के मामले में पुलिस ने दोनों चचेर भाइयों को गिरफ्तार कर लिया है। त्रिकुंडा पुलिस ने आरोपियों से घटना में प्रयुक्त हथौड़ा और चाकू बरामद किया है।

बता दें कि बलरामपुर जिले के त्रिकुंडा थाना अंतर्गत ग्राम राधा नगर निवासी 49 वर्षीय जयकरण जगते आ. गोपी नाथ जगते धमनी के कुम्हारियापारा स्थित प्राथमिक शाला में प्रधान पाठक के पद पर पदस्थ थे। जयकरण जगते सोमवार की सुबह घर से स्कूल जाने के नाम पर निकले थे। इस दौरान नवाडीह में अपने गौशाला के पास घात लगाकार बैठे हुए जयकरण जगते के चचेरे भाइयों 26 वर्षीय बृजमोहन जगते आ. बैजनाथ जगते व 23 वर्षीय हरिमोहन जगते आ. बैजनाथ ने पीछे से सिर पर हथौड़े से हमला कर दिया। हथौड़े के वार से जयकरण जगते जमीन पर गिर गए जिसके बाद आरोपी भाइयों ने उसपर चाकू से हमला कर दिया और कई वार करने के बाद गर्दन रेतकर हत्या कर दी। घटना की सूचना पर पुलिस द्वारा मामले में अपराध दर्ज कर तत्काल जांच शुरू की गई और चचेरे भाइयों बृजमोहन जगते व हरिमोहन जगते को हिरासत में लेकर पूछताछ की तो उन्होंने जमीन विवाद में हत्या करने की बात स्वीकार की। पुलिस ने मामले में दोनों आरोपियों को बीएनएस की धारा 103 (2), 3(5) के तहत गिरफ्तार करने के साथ ही घटना में प्रयुक्त हथौड़ा व चाकू जब्त किया। पुलिस ने 21 जुलाई को दोनों आरोपियों को जेल भेज दिया है।



## कीटनाशक पीने से गंभीर युवक की गई जान

**अम्बिकापुर।** उदयपुर नालापारा निवासी अम्बिका प्रसाद पंडो आ. स्व. उजित पंडो (30 वर्ष) रविवार की सुबह 10 बजे शराब पीकर घर पहुंचा और पत्नी को बताया कि कीटनाशक पी लिया। परिजन उसे उदयपुर अस्पताल में भर्ती कराया। चिकित्सकों ने युवक की हालत गंभीर होने पर प्राथमिक उपचार के पश्चात मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर कर दिया जहां उपचार के दौरान युवक की मौत हो गई।

## शराब पीकर वाहन चलाने वालों पर तीस हजार का जुर्माना

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

शराब पीकर वाहन चलाने वालों पर कार्रवाई का सिलसिला जारी है। इस बीच सरगुजा पुलिस ने एक स्कार्पियो और दो बाइक चालकों पर कार्रवाई की गई जिसके बाद न्यायालय द्वारा उनपर दस दस हजार रूपए का जुर्माना लगाया गया है।

बता दें कि सड़क दुर्घटनाओ मे कमी लाने के उद्देश्य से एसएसपी राजेश अग्रवाल द्वारा यातायात नियमो के अवहेलना करने वाले वाहन चालकों के विरुद्ध लगातार सख़्ती से कार्रवाई करने के निर्देश दिए गये है। इस दौरान यातायात शाखा पुलिस टीम जांच के दौरान स्कार्पियो वाहन क्रमांक सीजी 29 ए 6290 के चालक अजिरमा शांतिनगर निवासी 37 वर्षीय छत्रपति अजमले आ. कृष्ण कुमार की ब्रेथ एनालाइजर से जांच की जिसमें युवक नशे में धुत पाया गया। इसके साथ ही थाना बतौली पुलिस टीम द्वारा खड़धोवा रोड मे वाहन चेकिंग दौरान पल्सर एनएस मोटरसायकल सोल्ड वाहन के वाहन चालक बतौली कछारडीह निवासी 19 वर्षीय समीर मिंज आ. कन्हैया मिंज व बाइक क्रमांक सीजी 15 सीएस 5755 के चालक कछारडीह निवासी 18 वर्षीय अमलेश मिंज आ. बुधराम मिंज को पकड़कर डॉक्टरी मुलाहिजा कराये जाने पर शराब के नशे मे धुत्त होना पाया गया।

मामले में पुलिस ने एमवी एक्ट की धारा 185 के तहत प्रकरण न्यायालय में पेश किया जहां से उन्हें 10-10 हजार रूपए का जुर्माना लगाया गया। कार्रवाई में थाना प्रभारी बतौली विवेक सेंगर, यातायात शाखा प्रभारी विजय कैवर्त एवं अन्य अधिकारी कर्मचारी सक्रिय रहे।

## कोई भी शिक्षा से वंचित न रहे, कोई बच्चा ड्रॉपआउट ना रहे : राजेश

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

प्रदेश के पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री राजेश अग्रवाल ने कहा कि बच्चों के बीच उपस्थित होकर और उनको तिलक लगाकर, मिठाई खिलाकर, हम अपने आप को गौरवान्वित महसूस कर रहे हैं। यह हमारे बच्चों के सपनों, उनके उज्ज्वल भविष्य और शिक्षा का उत्सव है। शिक्षा ही वह माध्यम है जो समाज में कौशल, आत्मविश्वास और समृद्धि का मार्ग प्रशस्त करती है। शासन विभिन्न योजनाओं के माध्यम से प्रयासरत है कि कोई भी बच्चा शिक्षा से वंचित न रहे, कोई बच्चा ड्रॉपआउट ना रहे।

- कैबिनेट मंत्री की उपस्थिति में हुआ जिला स्तरीय शाला प्रवेश उत्सव, मंत्री ने बजाई विद्यालय की घण्टी

मंत्री श्री अग्रवाल जिला स्तरीय शाला प्रवेश उत्सव में शामिल होने पहुंचे थे। सोमवार को पीजी कॉलेज ऑडिटोरियम में आयोजित जिला स्तरीय कार्यक्रम में मंत्री श्री अग्रवाल ने स्वयं घण्टी बजाकर नवप्रवेशी बच्चों को शाला प्रवेश करवाया। इस दौरान नवप्रवेशी बच्चों का स्वागत तिलक लगाकर, पुष्पमाला पहनाकर, मिठाई खिलाकर किया गया। मंत्री श्री अग्रवाल ने कहा कि शिक्षा ही आज के समय में सफलता का मूल मंत्र है, इसके लिए हम सबको मिलकर काम करना होगा। सरगुजा जैसे जनजाति बाहुल्य जिले में शिक्षा का महत्व और भी अधिक है, यहां पहाड़ी कोरवा समुदाय के जनजाति बच्चों को पुनः शिक्षा की मुख्यधारा से जोड़ने का सराहनीय कार्य किया जा रहा है। छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मंडल के अध्यक्ष अनुराग सिंह देव ने कहा कि इस प्रवेश उत्सव के माध्यम से हम नन्हें बच्चों में शाला जाने से पहले जो भय होता है, उसे भी दूर कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि शासन द्वारा स्कूलों में बेहतर शिक्षा सुविधा देने का कार्य किया जा रहा है। राज्य युवा आयोग के अध्यक्ष विश्व विजय सिंह तोमर ने बच्चों को शिक्षा की ओर प्रेरित किया और उन्हें अच्छे से पढ़ाई करने की शुभकामनाएं दीं। भाजपा जिलाध्यक्ष भारत सिंह सिसोदिया ने शिक्षकों से बच्चों को शिक्षा के साथ संस्कार देने का आह्वान किया। कलेक्टर अजीत वसंत ने बताया कि जिले में शिक्षा ⏭ शेष पेज 4 पर



**मुख्यमंत्री गौरव अलंकरण पुरस्कार प्राप्त शिक्षकों का हुआ सम्मान**

कार्यक्रम में जिले के शिक्षा दूत पुरस्कार 2025-26 प्राप्त करने वाले 21 एवं ज्ञान दीप पुरस्कार 2025-26 प्राप्त करने वाले 03 शिक्षकों को सम्मानित किया गया। शिक्षकों को शॉल, श्रीफल भेंट कर अतिथियों द्वारा बधाई दी गई। वहीं सेवानिवृत्त होने वाले शिक्षकों एवं कर्मचारियों को शॉल एवं श्रीफल भेंट कर सम्मानित किया गया। विकासखण्ड अम्बिकापुर के शा.उमावि पुलिस लाईन के प्राचार्य श्रीमती स्नेहलता सिन्हा, विकासखण्ड लखनपुर के शा.हाई स्कूल देवटिकरा के प्राचार्य जयप्रकाश दुबे, विकासखण्ड अम्बिकापुर के प्रा.शा. दर्रीपारा के प्रधान पाठक शुभाशीष मुखर्जी, विकासखण्ड अम्बिकापुर के प्रा.शा. नवानगर के प्रधान पाठक श्रीमती माया सिन्हा एवं विकासखण्ड लुण्ड्रा के मा.शा. चेउरपानी के भृत्य तसउवर हुसैन सम्मानित हुए।

### मांड नदी में चल रहा था उत्खनन, ग्राम केसला का मामला

# बीच नदी में कर रहे थे रेत उत्खनन, अचानक आई बाढ़ तो ट्रैक्टर छोड़कर भागा चालक

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीतापुर

प्रतिबंध के बावजूद क्षेत्र में नदियों से रेत उत्खनन का काम बदस्तूर जारी है। आलम यह है कि बारिश और बाढ़ की संभावनाओं के बीच बी रेत का उत्खनन बेखौफ होकर किया जा रहा है। इस बीच मंगलवार की सुबह मांड नदी में उस समय एक ट्रैक्टर चालक की जान खतरे में पड़ गई जब अवैध रेत उत्खनन के कारण नदी का जल स्तर बढ़ गया और बाढ़ आ गई। इस दौरान लोगों के साथ ही ट्रैक्टर चालक ने भागकर जान बचाई लेकिन ट्रैक्टर बाढ़ में फंस गया। इस घटना के बाद जिला प्रशासन और खनिज विभाग के दावों पर सवाल खड़ा हो गया है।

बता दें कि सरगुजा में नदियों से रेत के अवैध उत्खनन का कार्य जोर शोर से चल रहा है। जिले में प्रतापगढ़, जजगा और मोहनपुर के घाट से ही रेत का उत्खनन किया जा सकता है लेकिन तस्कर जिलेभर में बेखौफ होकर नदियों से रेत निकालने और तस्करी का काम कर रहे है लेकिन वर्तमान में बारिश के समय एनजीटी के नियमानुसार 15 अक्टूबर तक रेत के उत्खनन पर पूर्ण रूप से प्रतिबन्ध भी लगया गया है। एनजीटी और जिला प्रशासन द्वारा लगाए गए प्रतिबंध का कोई ख़ास असर जिले में नहीं हो रहा है। तस्कर शासन प्रशासन के आदेश को ठेंगा दिखाकर नदियों से रेत निकाल रहे है। सीतापुर क्षेत्र में मांड नदी से तेलाईधार, टोकोपारा, रायकेरा, मंगरेलगढ़, ढेलसरा, नावाटोली, केशला, भिठुवा, नवापारा, राधापुर जैसे दर्जनों भर गांव से होकर बहने वाली मांड नदी से रेत का अवैध खनन एवं परिवहन जारी है। वहीं खनिज विभाग द्वारा कार्रवाई के नाम पर वाहनों को जब्त करने के बाद चालानी कार्रवाई कर छोड़ देते है जिससे उनके हौसले बुलंद है। इस बीच मंगलवार की सुबह क्षेत्र में तस्करों की मनमानी उनपर ही भारी पड़ गई। प्रतिबंध के बाद भी नदी से रेत निकालने के दौरान एक ट्रैक्टर चालक की जान खतरे में पड़ गई।



**भागकर बचाई जान**

बताया जा रहा है कि मंगलवार की सुबह ग्राम केसला स्थित मांड नदी से रेत के उत्खनन और परिवहन का कार्य चल रहा था। इस दौरान क्षेत्र में हुई बारिश के कारण अचानक ही नदी का जल स्तर बढ़ने लगा और नदी में बाढ़ जैसे हालत बन गए। सुबह 9 से 10 बजे के बीच हुई इस घटना के दौरान नदी के बीच में 4 से 5 ट्रैक्टर मौजूद थे। बाढ़ आने पर उत्खनन करने वाले लोगों के साथ ही खाली ट्रैक्टर को लेकर चालक भाग निकले। इसी बीच ठेलसारा नवाटोली निवासी चालक रामदेव के ट्रैक्टर में रेत लोड था और वह तेजी से नदी से निकल नहीं पाया। मौत को सामने से आता देख चालक ट्रैक्टर को बीच में ही छोड़कर भाग निकला। इस दौरान देखते ही देखते ट्रैक्टर बाढ़ में समा गया। इस घटना के बाद हड़कंप मच गया। वहीं घटना के बाद जिला प्रशासन और खनिज विभाग की कार्रवाई सवालों के घेरे में आ गई है।



## खबर संक्षेप

### सेवा सेतु पोर्टल से एक दिन में मिला आय प्रमाण पत्र

**बैकुण्ठपुर।** शासन की डिजिटल पहल सेवा सेतु पोर्टल आम नागरिकों को त्वरित, सरल और पारदर्शी सेवाएं उपलब्ध कराने में प्रभावी साबित हो रही है। जिला कोरिया के निवासी केवल साय इसका एक प्रेरक उदाहरण हैं। केवल साय ने 9 जुलाई 2026 को सेवा सेतु पोर्टल के माध्यम से आय प्रमाण पत्र के लिए ऑनलाइन आवेदन किया। उनके आवेदन का निराकरण मात्र एक दिन में करते हुए 10 जुलाई 2026 को आय प्रमाण पत्र जारी कर दिया गया। केवल साय ने बताया कि पहले ऐसे कार्यों के लिए कई बार कार्यालय जाना पड़ता था, जिससे समय और श्रम दोनों खर्च होते थे।

### जनदर्शन में गूंजीं आमजन की समस्याएं

**मनेन्द्रगढ़।** कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी संतन देवी जांगड़े के मार्गदर्शन में आज कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित जनदर्शन कार्यक्रम में जिले के विभिन्न ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों से बड़ी संख्या में नागरिक अपनी समस्याएं लेकर पहुंचे। जनदर्शन के दौरान कलेक्टर ने प्रत्येक आवेदक की शिकायत को गंभीरता एवं संवेदनशीलता के साथ सुना तथा संबंधित विभागीय अधिकारियों को सभी प्रकरणों का समयबद्ध, निष्पक्ष एवं गुणवत्तापूर्ण निराकरण सुनिश्चित करने के सख्त निर्देश दिए।

### शिकायतों के समयबद्ध निराकरण के दिए निर्देश

**मनेन्द्रगढ़।** कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी संतन देवी जांगड़े की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित साप्ताहिक समय-सीमा की महत्वपूर्ण बैठक में जिले के सभी विभागों के कार्यों, जनहितकारी योजनाओं, लंबित प्रकरणों एवं विकास कार्यों की विस्तृत समीक्षा की गई। बैठक में जिला पंचायत की मुख्य कार्यपालन अधिकारी अंकिता सोम, अपर कलेक्टर नम्रता डोंगरे, अनिल कुमार सिदार, समस्त एसडीएम, समस्त जनपद सीईओ, समस्त तहसीलदार सहित सभी विभागों के जिला अधिकारी उपस्थित रहे। बैठक में कलेक्टर ने कहा कि शासन की प्राथमिकता वाली योजनाओं का लाभ हितग्राहियों तक समय पर पहुंचे तथा सभी विभाग लंबित प्रकरणों के निराकरण में गंभीरता बरतें। उन्होंने अधिकारियों को समय-सीमा के भीतर कार्य पूर्ण करने और प्रत्येक प्रकरण की नियमित मॉनिटरिंग करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने आरटीआई पोर्टल की समीक्षा करते हुए जिन विभागों के अधिकारी अभी तक पोर्टल पर ऑनबोर्ड नहीं हुए हैं, उन्हें ऑनबोर्ड होने के निर्देश दिए।

### अपशिष्ट प्रबंधन को मिली रफ्तार

**बैकुण्ठपुर।** छोटे-छोटे प्रयास जब जनभागीदारी से जुड़ते हैं, तो उनका असर बड़े बदलाव के रूप में सामने आता है। कोरिया जिले में स्वच्छ भारत मिशन के तहत कलेक्टर रोक्तिमा यादव के निर्देशन में केवल दो माह के भीतर 462 सामुदायिक सोखता (सोख्ता गड्ढों) का निर्माण कर ग्रामीण क्षेत्रों में स्वच्छता और जल संरक्षण की दिशा में उल्लेखनीय पहल की गई है। इस अभियान से सार्वजनिक जलस्त्रोतों के आसपास जलभराव, गंदगी और प्रदूषण की समस्या में प्रभावी कमी आई है। जिले की ग्राम पंचायतों में हैंडपंप, सार्वजनिक नल-जल योजना एवं अन्य सामुदायिक पेयजल स्त्रोतों के समीप इन सोख्ता संरचनाओं का निर्माण किया गया है।

### पीजी कॉलेज में प्रधानमंत्री इंटर्नशिप योजना पर कार्यशाला

**बैकुण्ठपुर।** कलेक्टर रोक्तिमा यादव के निर्देशानुसार शासकीय रामानुज स्नातकोत्तर महाविद्यालय में प्रधानमंत्री इंटर्नशिप योजना के तहत एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम प्राचार्य डॉ. एम.सी. हिमधर के संरक्षण एवं राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) के कार्यक्रम अधिकारियों जयश्री प्रजापति तथा अनुरंजन कुजूर के संयोजन में महाविद्यालय सभागार में आयोजित हुआ। इसमें स्नातक एवं स्नातकोत्तर अंतिम वर्ष के विद्यार्थियों ने भाग लिया। कार्यशाला में शासकीय पॉलीटेक्निक कॉलेज बैकुण्ठपुर के सहायक नोडल अधिकारी विवेक एक्का, मनोज कुमार एवं रमेश खाखा ने प्रधानमंत्री इंटर्नशिप योजना की विस्तृत जानकारी दी।

### गड्ढों से बढ़ा हादसों का खतरा, विभाग बेपरवाह

# करोड़ों की लागत से बने गेज नदी पुल का एप्रोच बदहाल


गड्ढों वाहन चालक परेशान

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

शहर की जीवनदायिनी गेज नदी पर करोड़ों रुपए की लागत से निर्मित उच्च स्तरीय पुल का एप्रोच मार्ग बदहाल हो गया है।

पुल के दूसरे छोर पर बने गड्ढे लगातार बड़े होते जा रहे हैं, जिससे वाहन चालकों को पुल पार करते ही खराब सड़क का सामना करना पड़ रहा है। स्थिति यह है कि हर दिन हजारों छोटे-बड़े वाहन इस मार्ग से गुजरते हैं, लेकिन संबंधित विभाग अब तक स्थायी मरम्मत नहीं करा सका है। स्थानीय लोगों के अनुसार पुल बनने के बाद पहली ही बरसात में एप्रोच मार्ग क्षतिग्रस्त हो गया था। उस समय मरम्मत के नाम पर केवल खानापूर्ति की गई, जिसके चलते कुछ ही समय बाद उसी स्थान पर फिर गड्ढे बन गए। लगातार बारिश के कारण अब इनकी स्थिति और खराब हो गई है। पुल के दूसरे छोर पर बने गड्ढों से गुजरते समय वाहनों को तेज झटके लगते हैं। सबसे अधिक परेशानी दोपहिया वाहन चालकों को हो रही है, जिनके लिए यहां दुर्घटना की आशंका बनी रहती है।

रात के समय और बारिश के दौरान यह खतरा और बढ़ जाता है। स्थानीय नागरिकों ने लोक निर्माण विभाग से एप्रोच मार्ग की तत्काल और स्थायी मरम्मत कराने की मांग की है। उनका कहना है कि समय रहते गड्ढों की मरम्मत नहीं कराई गई तो कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है। करोड़ों रुपये की लागत से बने इस महत्वपूर्ण पुल की उपयोगिता तभी बनी रहेगी, जब उसके एप्रोच मार्ग को भी सुरक्षित और सुगम बनाया जाएगा।

## दो किलोमीटर सड़क गड्ढों में तब्दील



जिले में पटना बायपास बनने के बाद पुराना एनएच-43 संबंधित विभाग की प्राथमिकता से बाहर हो गया है। पिछले वर्ष बरसात में क्षतिग्रस्त हुई यह सड़क आज तक दुरुस्त नहीं हो सकी है। करीब दो किलोमीटर लंबा हिस्सा बड़े-बड़े गड्ढों में तब्दील हो चुका है, जिससे सड़क पर चलना भी मुश्किल हो गया है। बरसात के दिनों में हालात और भी बदतर हो गए हैं। गड्ढों में पानी भर जाने से सड़क की स्थिति का अंदाजा नहीं लग पाता और आए दिन दोपहिया वाहन चालक दुर्घटनाओं का शिकार हो रहे हैं। स्थानीय लोगों के अनुसार, विभाग ने खानापूर्ति करते हुए कुछ स्थानों पर मिट्टी और गिट्टी मिश्रित सामग्री डालकर गड्ढे भरने का प्रयास किया था, लेकिन पहली ही बारिश में वह बह गई और सड़क फिर पहले जैसी हो गई। इसके बाद से विभाग ने कोई स्थायी मरम्मत नहीं कराई, जिसका खामियाजा आम जनता को भुगतना पड़ रहा है। सड़क की बदहाली का एक बड़ा कारण जल निकासी की व्यवस्था का अभाव भी है। क्षेत्रवासियों का कहना है कि यदि जल्द ही सड़क की गुणवत्तापूर्ण मरम्मत नहीं कराई गई और जल निकासी की समुचित व्यवस्था नहीं की गई तो मजबूर होकर चक्काजाम कर विरोध प्रदर्शन किया जाएगा। लोगों ने लोक निर्माण विभाग से तत्काल सड़क की मरम्मत कराने की मांग की है।

# पागल कुत्ते ने युवती और गाय पर किया हमला

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

- नपाध्यक्ष-पार्षद की त्वरित पहल से टला बड़ा खतरा

नगर पालिका क्षेत्र के कचहरीपारा वार्ड में स्थित सरस्वती शिशु मंदिर स्कूल के पास सोमवार को एक पागल कुत्ते ने अचानक आतंक मचा दिया। कुत्ते ने पहले स्कूटी से गुजर रही एक युवती पर हमला कर उसे काट लिया, इसके बाद एक गाय को भी अपना शिकार बना लिया।

घटना से क्षेत्र में दहशत फैल गई और लोगों में अफरा-तफरी का माहौल बन गया। घटना की सूचना मिलते ही वार्डवासियों ने तत्काल नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती नविता शैलेष शिवहरे एवं वार्ड पार्षद धीरज शिवहरे को जानकारी दी। दोनों जनप्रतिनिधियों की त्वरित पहल पर मंगलवार को नगर पालिका की रेस्क्यू टीम मौके पर पहुंची और काफी मशक्कत के बाद पागल कुत्ते को पकड़ लिया। रेस्क्यू टीम ने कुत्ते को आवश्यक उपचार के तहत रेबीज का इंजेक्शन लगाया और उसे सुरक्षित स्थान पर ले गई। समय रहते कार्रवाई होने से क्षेत्र में किसी बड़ी अनहोनी की आशंका टल गई। कुत्ते के पकड़े जाने के बाद कचहरीपारा वार्ड के लोगों ने राहत की सांस ली। स्थानीय लोगों ने नगर पालिका की त्वरित कार्रवाई की सराहना करते हुए मांग की कि शहर में आवारा एवं आक्रामक कुत्तों पर नियमित अभियान चलाया जाए, ताकि भविष्य में इस तरह की घटनाओं की पुनरावृत्ति नहीं हो।


पागल कुत्ते का किया गया रेस्क्यू।

# आईसी मार्ट मामले में व्यापारियों ने अब एसपी से की मुलाकात



**बैकुण्ठपुर।** शहर के आईसी मार्ट प्रकरण को लेकर बैकुंठपुर के काफी संख्या में व्यापारियों का एक प्रतिनिधिमंडल कोरिया पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचा।

यहां व्यापारियों के समूह ने पुलिस अधीक्षक हरीश राठौर से मुलाकात कर आईसी मार्ट परिवार की महिलाओं को थाने में बैठाए जाने पर आपत्ति जताई। व्यापारियों ने एसपी से कहा कि मामले की निष्पक्ष जांच की जाए। संबंधित परिवार की महिलाओं और अन्य निर्दोष सदस्यों को अनावश्यक रूप से परेशान नहीं किया जाए। उन्होंने निष्पक्ष कार्रवाई की मांग करते हुए परिवार के सदस्यों के साथ संवेदनशील व्यवहार करने का आग्रह किया। व्यापारियों के समूह ने पुलिस प्रशासन से कानून के दायरे में रहकर कार्रवाई करने और निर्दोष लोगों को अनावश्यक परेशान नहीं करने की अपील की।

## हाथी का आतंकः बाइक सवार पर किया हमला

**प्रतापपुर।** प्रतापपुर वन परिक्षेत्र में जंगली हाथियों की लगातार बढ़ती सक्रियता से ग्रामीणों में दहशत का माहौल है। आज कनकनगर–चिटकाबहरा मार्ग पर एक हाथी ने अचानक बाइक सवार युवक पर हमला कर दिया। युवक ने सूझबूझ का परिचय देते हुए बाइक छोड़कर भागकर अपनी जान बचा ली, जबकि गुस्साए हाथी ने बाइक को सूंड और पैरों से पटक-पटक कर बुरी तरह क्षतिग्रस्त कर दिया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार युवक कनक नगर से चिटका बहरा की ओर जा रहा था। इसी दौरान सड़क किनारे मौजूद हाथी अचानक आक्रामक हो गया और तेजी से उसकी ओर दौड़ पड़ा। युवक ने खतरे को भांपते हुए तत्काल बाइक छोड़ दी और सुरक्षित स्थान की ओर भाग निकला। कुछ देर तक हाथी सड़क पर उत्पात मचाता रहा, जिससे मार्ग पर आवागमन पूरी तरह प्रभावित रहा और लोगों में अफरा-तफरी का माहौल बन गया। ग्रामीणों का कहना है कि क्षेत्र में कई दिनों से हाथियों की आवाजाही लगातार बनी हुई है।

# रेल सुविधाओं से कब तक उपेक्षित रहेगा मनेन्द्रगढ़

हरिभूमि न्यूज ⏭ मनेन्द्रगढ़

- चिरमिरी से प्रतिदिन हजारों टन कोयला देश के विभिन्न हिस्सों तक पहुंचता है

देश के ऊर्जा मानचित्र में महत्वपूर्ण स्थान रखने वाले चिरमिरी और मनेन्द्रगढ़ क्षेत्र से प्रतिदिन हजारों टन कोयला देश के विभिन्न हिस्सों तक पहुंचता है।

यहां की खदानों ने दशकों से देश के उद्योगों और बिजलीघरों को ऊर्जा देने में अहम भूमिका निभाई है, लेकिन विडंबना यह है कि जिस क्षेत्र ने देश को ऊर्जा देने में इतना बड़ा योगदान दिया, वहीं के लोग आज भी बेहतर रेल सुविधाओं के लिए वर्षों से इंतजार कर रहे हैं। सबसे बड़ा सवाल चिरमिरी-रीवा एक्सप्रेस को लेकर उठता रहा है। यह ट्रेन वर्तमान में सप्ताह में केवल तीन दिन संचालित होती है। लंबे समय से क्षेत्र के जनप्रतिनिधि, सामाजिक संगठन और यात्री इसे प्रतिदिन चलाने की मांग करते आ रहे हैं, इसके बावजूद रेलवे प्रशासन की ओर से अब तक कोई ठोस निर्णय नहीं लिया गया। ऐसे में लोगों के मन में सवाल उठना स्वाभाविक है कि आखिर इस ट्रेन को रोजाना चलाने में रेलवे को क्या आपत्ति है। चिरमिरी, मनेन्द्रगढ़, खोंगापानी और आसपास के क्षेत्रों से काफी संख्या में लोग शिक्षा, रोजगार, चिकित्सा और व्यापार के लिए रीवा, सतना, प्रयागराज और मध्यप्रदेश के अन्य शहरों की यात्रा करते हैं। ट्रेन सप्ताह में सीमित दिनों तक चलने के कारण यात्रियों को या तो लंबा इंतजार करना पड़ता है या फिर महंगे निजी साधनों का सहारा लेना पड़ता है। इसी तरह चिरमिरी-बिलासपुर ट्रेन को लेकर भी वर्षों से मांग उठ रही है कि इसे नागपुर तक विस्तारित किया जाए। यदि इस ट्रेन का विस्तार नागपुर तक किया जाता है तो छग के उत्तर क्षेत्र के लोगों को महाराष्ट्र तक सीधी रेल सुविधा मिल सकेगी। इससे मरीजों, विद्यार्थियों, व्यापारियों और नौकरीपेशा लोगों को काफी राहत मिलेगी।



नागपुर देश का एक प्रमुख रेलवे जंक्शन और चिकित्सा केन्द्र हैं, जहां प्रतिदिन काफी संख्या में लोग इलाज और अन्य कार्यों से जाते हैं। इसके बावजूद रेलवे प्रशासन इस मांग पर गंभीरता से विचार करता दिखाई नहीं देता। क्षेत्रवासियों का कहना है कि जब यहां से देश को करोड़ों रूपए का राजस्व देने वाला कोयला निरंतर रेल मार्ग से भेजा जा सकता है, तो यात्रियों की सुविधा के लिए कुछ अतिरिक्त रेल सेवाएं उपलब्ध कराने में आखिर बाधा क्या है।

# अंतरजिला रात्रिकालीन फुटबॉल टूर्नामेंट

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोमनहिल

डोमनहिल स्थित अमर कुंज क्रीड़ांगन में चिरमिरी फुटबॉल संघ की मेजबानी में आयोजित अंतरजिला रात्रिकालीन फुटबॉल टूर्नामेंट के आठवें दिन क्वार्टर फाइनल के रोमांचक मुकाबले खेले गए। पहले क्वार्टर फाइनल में शारदा इलेवन चिरमिरी ने फुलपुर को एकतरफा मुकाबले में 5-0 से हराकर सेमीफाइनल में प्रवेश किया।

वहीं दूसरे मुकाबले में केदारपुर और बिहारपुर के बीच निर्धारित समय तक कोई गोल नहीं हो सका। इसके बाद हुए टाईब्रेकर में केदारपुर ने जीत दर्ज कर अंतिम चार में जगह बनाई। आयोजकों ने बताया कि प्रतियोगिता के छठे दिन खेले गए मुकाबलों में चिरमिरी एफसी ने अनूपपुर तथा मनेन्द्रगढ़ रेलवे ने बिहारपुर को हराकर क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया था। मैच के शुभारंभ अवसर पर मुख्य अतिथि भाजपा जिलाध्यक्ष चम्पा देवी पावले, भाजपा महामंत्री द्वारिका जायसवाल, राजकुमार बधावन, आयोजन समिति अध्यक्ष बब्लू शर्मा, कंचन पाल, रनविजय सिंह, पार्षद संजीत सिंह, मुकेश सिंह, राम मंडल, वहीद खान एवं अंजनी शर्मा का फुटबॉल संघ द्वारा पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत किया गया। राष्ट्रगान के बाद अतिथियों ने दोनों टीमों के खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर मैच का शुभारंभ कराया। मैच का आंखों देखा हाल संदीप ने सुनाया। पहले मुकाबले में रणधीर ठाकुर, शेखर पोलई एवं पूरन ने निर्णायक की भूमिका निभाई, जबकि दूसरे मुकाबले में सुनील कुमार, चंदन और संदीप नायक रेफरी रहे। प्रतियोगिता का संचालन चन्ना राव, रणधीर ठाकुर, पप्पू कुमार, विजय विश्वकर्मा, सुनील कुमार, चंदन, निकिता थापा, नागेश्वर राव, चंद्रशेखर पोलई और संदीप पटेल कर रहे हैं। मैच देखने के लिए बड़ी संख्या में खेल प्रेमी उपस्थित रहे। आयोजकों ने बताया कि प्रतियोगिता के फाइनल में विजेता टीम को 21 हजार रुपये, उपविजेता टीम को 15 हजार रुपये नगद पुरस्कार के साथ अन्य आकर्षक पुरस्कार प्रदान किए जाएंगे। प्रतियोगिता को सफल बनाने में नेशनल रेफरी अनिल कचेर, कंचन पाल, शिव कुमार, सुनील कुमार, देवानंद, अब्दुल सत्तार, शिव प्रसाद एवं जीसान अहमद सहित अन्य सदस्यों का विशेष योगदान रहा।



## चोर ले उड़े नकदी सहित ढाई लाख से अधिक के मोबाइल

**अम्बिकापुर।** ग्राम सलका साढ़ामार स्थित किराए के मकान में संचालित मोबाइल दुकान के पीछे के दीवार में सेंध लगाकर चोरों ने दुकान से नकदी सहित लगभग ढाई लाख से अधिक कीमत का मोबाइल व अन्य सामान चोरी कर ले गए। दुकान संचालक की रिपोर्ट पर पुलिस ने अपराध दर्ज कर चोरों की तलाश शुरू कर दिया है। जानकारी के अनुसार प्रेम नगर अंतर्गत ग्राम सलका साढामार निवासी कृष्ण कुमार साहू आ. भैयालाल साहू (25 वर्ष) प्रेमनगर में किराए का मकान लेकर मोबाइल दुकान का संचालन करता है। हर रोज की भांति 17 जुलाई की रात दुकान बंद कर घर चला गया। दूसरे दिन सुबह दुकान खोला तो उसके होश उड़ गए। दुकान में सामान बिखरे हुए थे जबकि दुकान के पीछे दीवार में सेंध लगा हुआ था। दुकान संचालक ने जब दुकान में रखे सामान का मिलान किया तो पता चला की दो सीसीटीवी कैमरा, एलईडी टीवी, काउंटर में रखे 20 हजार सहित लगभग 2 लाख 86 हजार 550 रुपए के मोबाइल गायब थे। घटना की रिपोर्ट दुकान संचालक ने थाने में दर्ज कराई। रिपोर्ट पर पुलिस ने अज्ञात के विरूद्ध धारा 331(4), 305 के तहत अपराध दर्ज कर चोरों की तलाश शुरू कर दी है।

# संभाग स्तरीय शतरंज स्पर्धा में बैकुंठपुर का दबदबा

- विभिन्न आयु वर्गों में जीते कई पदक

**बैकुंठापुर।** अंबिकापुर में आयोजित जीएच रायसोनी मेमोरियल संभाग स्तरीय स्कूली शतरंज प्रतियोगिता में बैकुण्ठपुर के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए विभिन्न आयु वर्गों में कई पदक अपने नाम किए।

प्रतियोगिता में अंडर-9 बालिका वर्ग में अंशा फातिमा, अंडर-11 बालिका वर्ग में याशिका, अंडर-15 बालिका वर्ग में फरहीन तथा अंडर-19 बालक वर्ग में अभिनंदन बड़ेरिया ने प्रथम स्थान हासिल कर खिताब अपने नाम किया। प्रतियोगिता में कोरिया जिले के खिलाड़ियों का प्रदर्शन के तहत अंडर-7 बालक वर्ग में शिवाय यादव तृतीय और ऋषभ खाखा चतुर्थ, अंडर-7 बालिका वर्ग में आयत परवेज द्वितीय तथा पिहू सूर्यवंशी तृतीय, अंडर-9 बालक वर्ग में अहर्य अग्रवाल द्वितीय, अंडर-9 बालिका वर्ग में अंशा फातिमा प्रथम और आयत परवीन द्वितीय, अंडर-11 बालिका वर्ग में याशिका प्रथम तथा आरफीन तृतीय, अंडर-13 बालक वर्ग में अभिनव साहू चतुर्थ, अंडर-15 बालक वर्ग में कास कुमार द्वितीय, अंडर-15 बालिका वर्ग में फरहीन प्रथम और वेदिका शर्मा तृतीय तथा अंडर-19 बालक वर्ग में अभिनंदन बड़ेरिया प्रथम स्थान पर रहे। प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले ये खिलाड़ी आगामी 18 अक्टूबर को आयोजित राज्य स्तरीय शतरंज प्रतियोगिता में सरगुजा संभाग का प्रतिनिधित्व करेंगे। खिलाड़ियों को जिला शतरंज संघ के अध्यक्ष राजेंद्र सिंह सहित आशीष गुप्ता, आनंद तिवारी, मनोज पांडेय, संवर्त कुमार रूप, रोशन पाठक, राशिद्ध राशिद, सगुफ्ता खानम, अंजुम, राजीव जायसवाल, योगेश गुप्ता एवं अब्दुल शमीम ने सभी विजेता खिलाड़ियों को शुभकामनाएं दीं।




## वार्डों में बदहाल व्यवस्थाओं पर कांग्रेस का हल्ला बोल

**चरचा कॉलरी।** नगरपालिका परिषद शिवपुर-चरचा क्षेत्र में लगातार बढ़ रही मूलभूत समस्याओं को लेकर सोमवार को कांग्रेस ने नगर पालिका प्रशासन के खिलाफ मोर्चा खोल दिया। पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष एवं नेता प्रतिपक्ष लालमुनि यादव के नेतृत्व में कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं और कार्यकर्ताओं ने मुख्य नगर पालिका अधिकारी वशिष्ठ कुमार ओझा से मुलाकात कर नगर की विभिन्न समस्याओं के निराकरण की मांग करते हुए विस्तृत जानकारी दी। कांग्रेस प्रतिनिधिमंडल ने चेतावनी दी कि यदि जल्द ही जनसमस्याओं का समाधान नहीं किया गया तो कांग्रेस परिवार आम जनता के साथ मिलकर चरणबद्ध आंदोलन करेगा। इस दौरान उन्होंने कहा कि नगर के मुख्य मार्गों सहित कई वार्डों में स्ट्रीट लाइटें लंबे समय से बंद पड़ी हुई हैं।

### दिनभर राहगीर और छात्राएं होते रहे परेशान

# लगातार दूसरे दिन भी संजयनगर मार्ग पर जलभराव

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

लगातार कई दिनों से हो रही बारिश के कारण शहर के संजयनगर मुख्य मार्ग पर दूसरे दिन मंगलवार को भी जलभराव और तेज बहाव की स्थिति बनी रही। सड़क पर दिनभर बरसाती पानी बहने से दूसरे दिन भी राहगीरों और वाहन चालकों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा।

रविवार-सोमवार रात हुई मूसलाधार बारिश के बाद पेट्रोल पंप से लेकर बुलेट शोरूम के समीप तक सड़क पर नदी-नाले जैसी स्थिति बन गई। वहीं छिंदडांड क्षेत्र में भी लगातार जलभराव रहने से आवागमन प्रभावित रहा। सबसे अधिक परेशानी पैदल चलने वालों को हुई, जबकि दोपहिया वाहन चालकों को भी जलभराव के बीच जोखिम उठाकर गुजरना पड़ा। स्थानीय लोगों का कहना है कि सड़क किनारे बरसाती पानी की निकासी की समुचित व्यवस्था नहीं होने के कारण खेतों का पानी ओड़गी नाका के आगे पेट्रोल पंप के पास से होकर सीधे सड़क पर आ रहा है। इसका असर पेट्रोल पंप के पीछे संचालित आदिवासी पोस्ट मैट्रिक छात्रावास पर भी पड़ा, जहां मुख्य प्रवेश द्वार के सामने लगातार पानी बहने से छात्राओं को आने-जाने में दिक्कतों का सामना करना पड़ा।


मंगलवार को मुख्य मार्ग पर बह रहा पानी।

### अच्छी बारिश से खेतों में लौटी रौनक

दूसरी ओर, जिले में लगातार हो रही अच्छी बारिश किसानों के लिए राहत लेकर आई है। कुछ दिन पहले तक बारिश थमने से खेती पिछड़ने की आशंका से किसान चिंतित थे, लेकिन अब पर्याप्त वर्षा होने से सूखे की आशंका पूरी तरह खत्म हो गई है। ग्रामीण क्षेत्रों में धान की रोपाई का कार्य तेजी से चल रहा है और खेतों में फिर से रौनक लौट आई है। किसान पूरे उत्साह के साथ खेती-किसानी के कार्य में जुटे हुए हैं।



## बालिकाओं को साइबर सुरक्षा की दी जानकारी

**मनेन्द्रगढ़।** महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा भारत सरकार की महत्वाकांक्षी बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना के अंतर्गत शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय खोंगापानी में ऑनलाइन सुरक्षा एवं साइबर जागरूकता कार्यक्रम के प्रथम सत्र का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम का उद्देश्य बालिकाओं को बढ़ते साइबर अपराधों के प्रति जागरूक बनाना, ऑनलाइन सुरक्षा के उपायों की जानकारी देना तथा उनके कानूनी अधिकारों के प्रति सजग करना था। कार्यक्रम का आयोजन कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी संतन देवी जांगड़े के निदेर्शानुसार तथा जिला कार्यक्रम अधिकारी आदित्य शर्मा के मार्गदर्शन में पुलिस अधीक्षक रत्ना सिंह के सहयोग से संपन्न हुआ। संपूर्ण कार्यक्रम का संचालन जिला महिला सशक्तिकरण केंद्र (हब) की जिला मिशन समन्वयक तारा कुशवाहा द्वारा किया गया। कार्यक्रम में पुलिस विभाग के सी. राकेश शर्मा, रवि शर्मा एवं जितेंद्र कुमार ने बालिकाओं को साइबर अपराधों के विभिन्न स्वरूपों, ऑनलाइन ठगी, फर्जी लिंक, सोशल मीडिया के सुरक्षित उपयोग, साइबर बुलिंग तथा डिजिटल प्लेटफॉर्म पर बरती जाने वाली सावधानियों की विस्तृत जानकारी दी।

## खबर संक्षेप



### विश्व युवा कौशल दिवस पर व्याख्यान कार्यक्रम

**अम्बिकापुर।** प्रथम एजुकेशन फाउंडेशन द्वारा संचालित ऑटोमोटिव 4 व्हीलर ट्रेनिंग सेंटर में विश्व युवा कौशल दिवस के अवसर पर व्याख्यान का आयोजन किया गया। इस अवसर पर नीलकंठ बरोई मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। उन्होंने प्रशिक्षणार्थियों को ऑटोमोबाइल उद्योग में उपलब्ध अवसरों, आधुनिक तकनीकों तथा कौशल विकास के महत्व पर विस्तृत एवं प्रेरक जानकारी प्रदान की। श्री बरोई ने कहा कि आज के प्रतिस्पर्धी युग में किसी भी युवा की सबसे बड़ी ताकत उसका कौशल है। वर्तमान समय में ऑटोमोबाइल उद्योग तेजी से आधुनिक तकनीकों की ओर अग्रसर है, इसलिए युवाओं के लिए निरंतर सीखना और स्वयं को समय के अनुरूप विकसित करना अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने बताया कि किसी भी क्षेत्र में सफलता प्राप्त करने के लिए कार्य के प्रति समर्पण, कड़ी मेहनत, अनुशासन तथा सीखने की निरंतर इच्छा सबसे महत्वपूर्ण गुण हैं। श्री बरोई ने प्रशिक्षणार्थियों को प्रेरित करते हुए कहा कि प्रशिक्षण अवधि के दौरान प्रत्येक छोटी-बड़ी सीख को गंभीरता से ग्रहण करें। उन्होंने कहा कि गलतियों से घबराने के बजाय उनसे सीखने का प्रयास करना चाहिए, निरंतर सीखने वाला व्यक्ति ही अपने करियर में आगे बढ़ता है। इस दौरान देवी शंकर दुबे, डेविड साहू, आयुष, प्रहलाद, गीतांजलि, विजय, राजेश, विकास सहित अन्य उपस्थित रहे।

### शिक्षक ने जन्मदिन पर दिया न्योता भोज बच्चों को बांटे टाई-बेल्ट,कॉपी पेन



**सूरजपुर।** विकासखंड रामानुजनगर कोट चिटकाहीपार स्थित शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला संकुल केन्द्र के संस्था प्रमुख सुरेन्द्र राजवाड़े ने अपने जन्मदिन को सामाजिक सरोकार एवं शिक्षा के प्रति समर्पण का संदेश देते हुए विद्यालय में न्योता भोज का आयोजन किया तथा विद्यालय में अध्ययनरत सभी विद्यार्थियों को टाई, बेल्ट, कॉपी एवं पेन वितरित किए। कार्यक्रम का शुभारंभ माँ सरस्वती के पूजन-अर्चन से हुआ। विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित सहायक आयुक्त घनश्याम सिंह एवं अशोक उपाध्याय ने विद्यार्थियों का तिलक लगाकर स्वागत किया तथा उन्हें मिष्ठान, टाई, बेल्ट, कॉपी एवं पेन वितरित किए। मुख्य अतिथि एवं संकुल प्राचार्य महेश कुमार दोहरे ने कहा कि शिक्षक यदि अपने विशेष अवसरों को बच्चों के साथ साझा करें तो इससे विद्यार्थियों में विद्यालय के प्रति अपनापन और शिक्षा के प्रति सकारात्मक वातावरण विकसित होता है। उन्होंने विद्यार्थियों से अनुशासित रहकर मन लगाकर अध्ययन करने की बात कही। कार्यक्रम का संचालन चांसी प्रसाद कुशवाहा ने किया वहीं सुरेन्द्र राजवाड़े ने सभी अतिथियों, शिक्षकों एवं विद्यार्थियों के प्रति आभार व्यक्त किया। इस दौरान संकुल प्राचार्य महेश कुमार दोहरे, यदुवंश नारायण साहू, प्रधान पाठक फूल सिंह, नागेन्द्र प्रसाद यादव, अल्ताफ अली, निर्मल प्रसाद, रोहित साहू, राधेश्याम साहू, खेलसाय पोर्ते, उमाशंकर साहू, धर्मेंद्र दुबे, रूपनारायण साहू, श्रीमती केशरी राजवाड़े, देवचंद सिंह, लक्ष्मी प्रसाद ठाकुर, हीरालाल सिंह, पुरंजन सिंह, श्रीमती ज्योति सहित बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहे।

## सम्मान...





अम्बिकापुर। राष्ट्रीय शिक्षक सम्मान समारोह में अम्बिकापुर की शिक्षिका भावना सिंह एवं बलरामपुर जिले से प्रधान पाठक विशंभर दास का सम्मान मुख्य अतिथि डॉ. हिमांशु द्विवेदी, प्रधान संपादक हरिभूमि समूह, कार्यक्रम की अध्यक्ष शिक्षाविद् एवं समाजसेवी संजय अग्रवाल, विशिष्ट अतिथि डॉ. चितरंजन कर तथा डॉ. पूर्णानंद मिश्रा राष्ट्रीय अध्यक्ष राष्ट्रीय शिक्षा अंजोर भारत द्वारा किया गया।

### एनएच 43 से टूटा कई गांव का संपर्क, ग्रामीणों की बढ़ी परेशानी

# झमाझम बारिश से बतौली क्षेत्र स्थित मान नदी उफान पर, पुलिया के ऊपर से बह रहा पानी

हरिभूमि न्यूज ⏭ सेदम

बतौली क्षेत्र मे पिछले तीन दिनों से हो रही झमाझम बारिश से नदी नाले उफान पर है। बारिश के बाद मान नदी का जल स्तर काफी बढ़ गया है जिससे बतौली के सुवारपारा मार्ग को राष्ट्रीय राजमार्ग से जोड़ने वाली पुलिया के ऊपर पानी बहने से क्षेत्र के कई गांवों का संपर्क प्रभावित हो रहा है। ऐसे में ग्रामीण, स्कूली बच्चों, शिक्षकों और राहगीरों को रोजाना भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। क्षेत्र के लोगों ने हल्की बारिश में भी पुलिया के ऊपर से पानी जाने तथा आवागमन में हो रही परेशानियों को लेकर पुल निर्माण की मांग की है जिससे बरसात के मौसम में क्षेत्र के लोगों का राहत मिल सके।

**खास बात**
- क्षेत्र के लोगों ने की पुल निर्माण कराने की मांग

ग्रामीणों का कहना है कि पुलिया पर पानी भरने के कारण आवागमन पूरी तरह बाधित हो जाता है। इससे स्कूल जाने वाले बच्चों, शिक्षकों तथा दैनिक कामकाज के लिए आने-जाने वाले लोगों को काफी दिक्कत होती है। आपातकालीन स्थिति में भी लोगों को जान जोखिम में डालकर पुलिया पार करना पड़ता है। गांव के लोगों को एनएच 43 मुख्य मार्ग तक आने के लिए वर्षो से पुलिया से आवागमन करते है। इस क्षेत्र के लोगों के लिए यह एक मात्र मार्ग है। बारिश के मौसम हो छोड़ दे तो अन्य मौसम में क्षेत्र के लोगों को नदी में पानी कम होने ज्यादा परेशानी नहीं होती परंतु बरसात के दिनों पर नदी उफान में होने तथा पुलिया के ऊपर से पानी बहने से एनएच 43 से संपर्क टूट जाता है। ग्रामीणों ने बताया कि इस मार्ग से थाना, तहसील, जनपद पंचायत, अस्पताल, बाजार और अन्य शासकीय कार्यालयों तक पहुंचने के लिए भी इसी रास्ते का उपयोग किया जाता है। बारिश होने पर पुलिया डूब जाने से लोगों के जरूरी कार्य प्रभावित होते हैं और समय के साथ आर्थिक नुकसान भी उठाना पड़ता है।



पुलिया पर बहता पानी।

#### कई गांव होते है प्रभावित

ग्राम पंचायत बिरीमकेला के सरपंच ने बताया कि यह मार्ग सीधे एनएच-43 से जुड़ता है और इसके माध्यम से सरमना, बिरीमकेला, महेशपुर, बटईकेला, सहनपुर और तेलाई धार सहित कई गांवों के लोग आवागमन करते हैं। पुलिया में पानी भरने से इन सभी गांवों का संपर्क प्रभावित हो जाता है।

#### पुल निर्माण की मांग

ग्रामीणों ने शासन-प्रशासन और जनप्रतिनिधियों से मांग की है कि लोगों की समस्या को देखते हुए इस पुलिया के स्थान पर शीघ्र ही एक बड़े और सुरक्षित पुल की स्वीकृति प्रदान कर निर्माण शुरू कराया जाए, ताकि क्षेत्र के हजारों लोगों को हर वर्ष होने वाली इस समस्या से राहत मिल सके।

## संलग्नीकरण निरस्ती से सेजस हिन्दी माध्यम स्कूल की व्यवस्था हुई प्रभावित

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

प्रदेश में संलग्नीकरण निरस्त किए जाने के निर्णय का असर अब विद्यालयों की दैनिक व्यवस्थाओं पर भी स्पष्ट दिखाई देने लगा है। स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट हिंदी माध्यम विद्यालय बिश्रामपुर में भृत्य कर्मचारियों के अभाव के कारण स्कूल संचालन प्रभावित हो रहा है।

- अब स्कूल में एक भी भृत्य नहीं, गेट का ताला खोलने और बंद करने के लिए भी कोई कर्मचारी मौजूद नहीं

जानकारी के अनुसार विद्यालय में भृत्य के कुल 5 स्वीकृत पद हैं। इनमें 1 भृत्य मातृत्व अवकाश पर हैं, जबकि 4 पद लंबे समय से रिक्त हैं। विद्यालय में कार्य सुचारु रूप से चलाने के लिए एक भृत्य को संलग्न किया गया था, लेकिन जिला शिक्षा अधिकारी सूरजपुर के आदेश के बाद उन्हें भी उनके मूल विद्यालय वापस भेज दिया गया। इसके बाद विद्यालय पूरी तरह भृत्य विहीन हो गया है। स्थिति यह है कि विद्यालय में सुबह ताला खोलने और छुट्टी के बाद ताला बंद करने तक के लिए कोई कर्मचारी उपलब्ध नहीं है। परिसर एवं कक्षाओं




की नियमित साफ-सफाई, शौचालयों की स्वच्छता, कार्यालयीन कार्यों में सहयोग तथा अन्य आवश्यक व्यवस्थाएं भी गंभीर रूप से प्रभावित हो रही हैं। इसका सीधा असर विद्यार्थियों और शिक्षकों दोनों पर पड़ रहा है। लोगों का कहना है कि जब शासन द्वारा विद्यालय को उत्कृष्ट विद्यालय का दर्जा दिया गया है, तब न्यूनतम आवश्यक कर्मचारियों की उपलब्धता भी सुनिश्चित की जानी चाहिए,केवल नाम से उत्कृष्ट विद्यालय बनाने से गुणवत्तापूर्ण व्यवस्था नहीं बनती है। विद्यालय से जुड़े अभिभावकों ने मांग की है कि रिक्त पदों पर शीघ्र नियुक्ति की जाए अथवा वैकल्पिक व्यवस्था होने तक आवश्यक कर्मचारियों की तैनाती की जाए, ताकि विद्यालय की मूलभूत व्यवस्थाएं सुचारु रूप से संचालित हो सकें और विद्यार्थियों की पढ़ाई प्रभावित न हो।

**न्यायालय तहसीलदार अम्बिकापुर जिला-सरगुजा (छ.ग.)**
रा.प्र.क्र. ------- / ब-121 / 2025-26

**ईश्तहार**

एतद द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक आशुतोष खत्री आ.स्व. मदनलाल खत्री द्वारा मुख्तार आम ऋषभ बंसल आ. सुभाषचंद बंसल निवासी जयस्तम्भ चौक अम्बिकापुर तहसील अम्बिकापुर जिला सरगुजा छ.ग. के द्वारा अपने स्वामित्व एवं आधिपत्य की व्यपवर्तित भूमि ग्राम अम्बिकापुर स्थित भूमि खसरा नंबर 4430 रकबा 0.081 हे. मेसे रकबा 0.046 हे. भूमि को अनावेदक महेन्द्र कुमार अग्रवाल आ.फूल कुमार अग्रवाल निवासी अम्बिकापुर तहसील अम्बिकापुर जिला सरगुजा छ.ग. के पास निजी कार्य हेतु रुपयो की आवश्यकता होने के कारण अंकन राशि 30,00,000/- मे सौदा तय कर बिक्री अनुमति हेतु आवेदन पत्र श्रीमान कलेक्टर महोदय सरगुजा के समक्ष प्रस्तुत किया गया है, जो जांच एवं प्रतिवेदनार्थ इस न्यायालय को प्राप्त हुआ है। उक्त संबंध में यदि किसी व्यक्ति अथवा संस्था को कोई आपत्ति हो तो सुनवाई दिनांक 10.08.2026 के पूर्व स्वयं अथवा अपने प्रतिनिधि अथवा अभिभाषक के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर अपना दावा-आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। समय-सीमा के बाद प्राप्त दावा-आपत्ति पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांकः- 17/07/2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन पदमुद्रा से जारी।

**तहसीलदार**
**अम्बिकापुर, सरगुजा**

**न्यायालय तहसीलदार अम्बिकापुर जिला-सरगुजा (छ.ग.)**
रा.प्र.क्र. ------- / ब-121 / 2025-26

**ईश्तहार**

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक आशुतोष खत्री आ.स्व. मदनलाल खत्री द्वारा मुख्तार आम ऋषभ बंसल आ.सुभाषचंद बंसल निवासी जयस्तम्भ चौक अम्बिकापुर तहसील अम्बिकापुर जिला सरगुजा छ.ग. के द्वारा अपने स्वामित्व एवं आधिपत्य की व्यपवर्तित भूमि ग्राम अम्बिकापुर स्थित भूमि खसरा नंबर 4430 रकबा 0.081 हे. में से रकबा 0.019 हे. भूमि को अनावेदक शिवांगी अग्रवाल पत्नी सुरेन्द्र अग्रवाल निवासी अम्बिकापुर तहसील अम्बिकापुर जिला सरगुजा छ.ग. के पास निजी कार्य हेतु रूपयों की आवश्यकता होने के कारण अंकन राशि 12,00,000/- में सौदा तय कर बिक्री अनुमति हेतु आवेदन पत्र श्रीमान कलेक्टर महोदय सरगुजा के समक्ष प्रस्तुत किया गया है, जो जांच एवं प्रतिवेदनार्थ इस न्यायालय को प्राप्त हुआ है। उक्त संबंध में यदि किसी व्यक्ति अथवा संस्था को कोई आपत्ति हो तो सुनवाई दिनांक 10.08.2026 के पूर्व स्वयं अथवा अपने प्रतिनिधि अथवा अभिषाक के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर अपना दावा-आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। समय-सीमा के बाद प्राप्त दावा-आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांकः- 17/07/2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन पदमुद्रा से जारी।

**तहसीलदार**
**अम्बिकापुर, सरगुजा**

## रामनगर-सूरजपुर पहुंचने की मुख्य सड़क हुई जर्जर गड्ढों पर धान की रोपाई कर ग्रामीणों ने किया प्रदर्शन

**बिश्रामपुर।** बरसात के मौसम में सड़कें खेतों जैसी नजर आने लगी हैं इसी नाराजगी को अनोखे अंदाज में जाहिर करते हुए मंगलवार को ग्राम पंचायत सरस्वतीपुर, रामनगर एवं सूरजपुर मार्ग के ग्रामीणों ने जर्जर सड़क पर धान की रोपाई कर प्रशासन के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया। उपसरपंच गोवर्धन केवट के नेतृत्व में आयोजित इस प्रदर्शन में ग्रामीणों का कहना था कि जब सड़क गड्ढों से भरकर खेत का रूप ले चुकी है, तो उसमें धान की रोपाई ही की जा सकती है। ग्रामीणों ने बताया कि इस मार्ग की बदहाली को लेकर कई बार संबंधित विभाग और प्रशासन को आवेदन दिए जा चुके हैं, लेकिन आज तक सड़क की मरम्मत नहीं कराई गई। नतीजतन हर बारिश में सड़क



पर बड़े-बड़े गड्ढे बन जाते हैं और पानी भर जाने से राहगीरों को खतरे का सामना करना पड़ता है। सबसे अधिक परेशानी स्कूली बच्चों व बाइक सवारों को होती है, जो आए दिन फिसलकर घायल हो रहे हैं। ग्रामीणों का आरोप है कि इस मार्ग से लगातार भारी वाहन गुजरते हैं, जिससे सड़क पूरी तरह उखड़ चुकी है। बरसात के दौरान स्थिति और भी गंभीर हो गई है। कई स्थानों पर सड़क और गड्ढे में अंतर करना मुश्किल हो गया है, जिससे दुर्घटना का खतरा लगातार बना रहता है। प्रदर्शन के दौरान ग्रामीणों ने कहा कि यह विरोध किसी राजनीतिक उद्देश्य से नहीं, बल्कि वर्षों से उपेक्षित जनसमस्या की ओर शासन-प्रशासन का ध्यान आकर्षित करने के लिए किया गया है। उनका कहना था कि यदि जल्द ही सड़क की मरम्मत शुरू नहीं हुई, तो आंदोलन को और व्यापक रूप दिया जाएगा। ग्रामीणों के बुलावे पर भाजयुमो के पूर्व जिला महामंत्री दुर्गा गुप्ता भी मौके पर पहुंचे और उन्होंने सड़क की वास्तविक स्थिति का निरीक्षण किया। इस पर दुर्गा गुप्ता ने आश्वासन दिया कि वे संबंधित विभागीय अधिकारियों से चर्चा कर सड़क की मरम्मत की मांग करेंगे। इस विरोध प्रदर्शन में सरपंच सुमित्रा देवी, जवाहर सिंह, चंद्रभान, सूरज सिंह, हीरालाल, देवकरण, निर्मल सिंह सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे। ग्रामीणों की मांग है कि सरस्वतीपुर–रामनगर–सूरजपुर मार्ग की तत्काल मरम्मत कर इसे सुरक्षित बनाया जाए, ताकि क्षेत्र के हजारों लोगों को रोजाना होने वाली परेशानियों और दुर्घटनाओं से राहत मिल सके।

**न्यायालय तहसीलदार अम्बिकापुर जिला-सरगुजा (छ.ग.)**
रा.प्र.क्र. - /ब-121 / 2025-26

**ईश्तहार**

एतद द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक आशुतोष खत्री आ.स्व. मदनलाल खत्री द्वारा मुख्तार आम ऋषभ बंसल आ.सुभाषचंद बंसल निवासी जयस्तम्भ चौक अम्बिकापुर तहसील अम्बिकापुर जिला सरगुजा छ.ग. के द्वारा अपने स्वामित्व एवं आधिपत्य की व्यपवर्तित भूमि ग्राम अम्बिकापुर स्थित भूमि खसरा नंबर 4430 रकबा 0.081 हे० में से रकबा 0.016 हे. भूमि को अनावेदक पुष्पराज सिंघल आ. ओमप्रकाश सिंघल निवासी अम्बिकापुर तहसील अम्बिकापुर जिला सरगुजा छ.ग. के पास निजी कार्य हेतु रुपयों की आवश्यकता होने के कारण अंकन राशि 10,00,000/- में सौदा तय कर बिक्री अनुमति हेतु आवेदन पत्र श्रीमान कलेक्टर महोदय सरगुजा के समक्ष प्रस्तुत किया गया है, जो जांच एवं प्रतिवेदनार्थ इस न्यायालय को प्राप्त हुआ है। उक्त संबंध में यदि किसी व्यक्ति अथवा संस्था को कोई आपत्ति हो तो सुनवाई दिनांक 10.08.2026 के पूर्व स्वयं अथवा अपने प्रतिनिधि अथवा अभिषाक के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर अपना दावा-आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। समय-सीमा के बाद प्राप्त दावा-आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांकः- 17/07/2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन पदमुद्रा से जारी।

**तहसीलदार**
**अम्बिकापुर, सरगुजा**

TOP IN SURGUJA
GURUKRIPA COLLEGE
ADMISSION GUIDENS 2026-27
SC/ST/OBC FEE Discount 20%

| SN. | Cours | Duration | Qualification |
|---|---|---|---|
| 1. | BMLT (बेचलर ऑफ मेडिकल लैब टेक्नीसियन) | 3 Year | 12th Bio |
| 2 | DMLT (डिप्लोमा इन मेडिकल लैब टेक्नीसियन) | 2 Year | 12th Bio |
| 3. | B.Sc Nursing (बेचलर ऑफ साइंस) | 4 Year | 12th Bio |
| 4. | OT (ऑपरेशन थियेटर असिस्टेंट) | 2 Year | 12th Bio |
| 5. | B. PHARMA, D. PHARMA (डिप्लोमा इन फार्मेसी) | 4 & 2 Year | 12th Bio & Maths |

Kamla Complex, Nehru Chowk, Bilaspur 07752-796378, 9329528463, 9329536742

सरगुजा मार्केट

डॉ. शिवानी सिंघल
MBBS, MD Pediatrics
OPD समय: सुबह 10:00 बजे – 2:00 बजे, शाम 5:00 बजे – 7:00 बजे
प्रकाश हॉस्पिटल
मो. 9713667433, 9617247433

सरगुजा के सर्वप्रथम स्पाईन एवं ब्रेन विशेषज्ञ
डॉ.अमित मुखर्जी
M.S.Mch Neuro Mumbai
दिनांक - 26 जुलाई 2026, दिन - रविवार
विद्या डायग्नोस्टिक
दर्रीपारा अम्बिकापुर, छ.ग. मो :- 7587722255

हमारी सेवाएं
गर्भावस्था की सम्पूर्ण देखभाल
सुरक्षित प्रसव सुविधा
बांझपन परामर्श एवं उपचार
गायत्री हॉस्पिटल
MULTISPECIALITY HOSPITAL
CREATING HEALTHY TOMORROW
CGHS से मान्यता प्राप्त
बनारस रोड, पी.जी. कॉलेज मैदान के सामने, अम्बिकापुर (छ.ग.)
9424250281 | 8120906000 | 8120809000
समय :- सुबह 11:00 बजे से शाम 05 बजे तक
अब महिलाओं की हर समस्या का सम्पूर्ण समाधान !
DR. SONAL DUBEY
MBBS, MS

DR. ABHIMANYU'S
AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
छत्तीसगढ़ का प्रथम 20 बिस्तरीय हॉस्पिटल जो की पूर्ण रूप से आयुर्वेदिक उपचार को समर्पित
समस्त रोगों का आयुर्वेदिक पद्धति द्वारा इलाज
सेक्टर -7 B कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003
सिटी सेन्टर- कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666
भिलाई सेन्टर-नेहरू नगर (पूर्व), एसबीआई बैंक के पास, भिलाई(छ.ग.) 95224 66605

भास्कर आई केयर
कालामोतिया नजर चुराता है और दर्द भी नही होता!
प्रदेश के प्रसिद्ध ग्लूकोमा विशेषज्ञ द्वारा सम्पूर्ण कालामोतिया जांच एवं उपचार
डॉ. दिलीप लालवानी
नेत्र रोग विशेषज्ञ
लेजर एवं बिना टांकों की ग्लूकोमा MIGS सर्जरी • आंखों की सूखती नस का इलाज
EYE PRESSURE (IOP) • GONIOSCOPY • OCT & FIELD TEST
07714024989 | 9329124989

गुप्त रोग
का 100% शर्तिया ईलाज
लिंग वर्धक यंत्र भी उपलब्ध
बिना आपरेशन के
अण्डकोष, बवासीर, भगंदर
25 साल से स्थायी
संपर्क - विश्वास औषधालय
बिलासपुर रोड, लक्ष्मीपुर शास.स्कूल के पास अम्बिकापुर - मोबा. 7898942870
समय- सुबह 8 बजे से रात्रि 8 बजे तक

आप परेशान क्यों हैं ?
वारसी शिफा
खाना खानदानी जड़ी-बूटी द्वारा ईलाज
बीमारियों से छुटकारा पाने के लिए मिलिए।
परामर्श शुल्क मात्र 500 रु.
मिलने का समयः- सुबह 09 बजे से 5 बजे तक
मो. 9753266386

THE LOTUS CONSULTANCY
JABALPUR
INVITES YOU ALL FOR 2026-27
LOW PACKAGE/MERIT / MANAGEMENT/NRI
MBBS | BDS | MS | MD | BE | B.TECH
ADMISSION STARTED
ANU SHARMA
9109920477

एडवांस्ड यूरोलॉजी सेवाएं अब गावरी नर्सिंग होम में
मूत्र रोग एवं सर्जरी
किडनी की पथरी का संपूर्ण इलाज
प्रोस्टेट का संपूर्ण इलाज
यौन संबंधी समस्याएं
महिलाओं में पेशाब लीक की समस्याएं
फाफाडीह, टिम्बर मार्केट रोड, रायपुर
9827144197, 9827144777
DR. ABHISHEK GAWRI
MBBS, MS (Surgery), DrNB (Urology)
आयुष्मान कार्ड की सुविधा उपलब्ध

## खबर संक्षेप

### ओपीएस में सीबीएसई ईस्ट जोन हैण्डबॉल टूर्नामेंट आज से

**अम्बिकापुर।** सरगुजा संभाग में पहली बार सीबीएसई द्वारा आयोजित जोन स्तरीय हैण्डबॉल प्रतियोगिता की मेजबानी करने की जिम्मेदारी ओरिएंटल स्कूल को सौंपी गई है। ओरिएंटल पब्लिक स्कूल में 22 से 26 तक आयोजित सीबीएसई फार ईस्ट जोन हैण्डबॉल टूर्नामेंट 2026 का आयोजन किया जाएगा। इस प्रतियोगिता में 10 राज्यों के लगभग 800 छात्र-छात्राएं और उनके कोच शामिल होंगे। प्रतियोगिता अंडर-14, अंडर-17 और अंडर-19 वर्ग में बालक एवं बालिकाओं की टीमें अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगी। आयोजन को सरगुजा के लिए एतिहासिक और गौरवपूर्ण अवसर माना जा रहा है। ओरिएंटल पब्लिक स्कूल द्वारा आयोजित इस पांच दिवसीय टूर्नामेंट में फार ईस्ट जोन के विभिन्न सीबीएसई स्कूलों की टीमें हिस्सा लेंगी। प्रतियोगिता का उद्देश्य खेल प्रतिभाओं को राष्ट्रीय स्तर तक मंच प्रदान करना और खेल भावना को बढ़ावा देना है। पहली बार सरगुजा में इस स्तर का सीबीएसई हैंडबॉल टूर्नामेंट आयोजित होने से क्षेत्र में खेल संस्कृति को नई पहचान मिली। आयोजन की सभी तैयारियां अंतिम चरण में है।

### शीघ्र शुरू होगा दिल्ली ट्रेन का सप्ताह में दो दिन परिचालन

**अम्बिकापुर।** अम्बिकापुर-दिल्ली ट्रेन को रेलवे बोर्ड की स्वीकृति के अनुरूप गुरूवार के साथ प्रत्येक मंगलवार को शीघ्र शुरू करने की मांग रेल मंत्री से की गई है जिससे जल्द यात्रियों को इसका लाभ मिल सके। अंबिकापुर-दिल्ली साप्ताहिक ट्रेन का परिचालन सप्ताह में दो दिन किए जाने की घोषणा के बाद इसकी बढ़ी हुई आवृत्ति के अनुरूप संचालन जल्द प्रारंभ करने क्षेत्रीय रेल उपयोगकर्ता परामर्शदात्री समिति के सदस्य मुकेश तिवारी ने रेलमंत्री अश्विनी वैष्णव एवं रेलवे बोर्ड के अध्यक्ष सतीश कुमार को पत्र प्रेषित किया है। उन्होंने बताया कि रेलवे बोर्ड ने 19 जून 2026 को साप्ताहिक ट्रेन संख्या 22407/22408 अम्बिकापुर-हजरत निजामुद्दीन एक्सप्रेस को साप्ताहिक से बढ़ाकर सप्ताह में दो दिन चलाने की स्वीकृति प्रदान की है। स्वीकृति के अनुसार ट्रेन संख्या 22407 अंबिकापुर से मंगलवार और गुरूवार तथा ट्रेन संख्या 22408 हजरत निजामुद्दीन से रविवार और मंगलवार को चलनी है। स्वीकृति जारी हुए लगभग एक माह हो गया है, लेकिन अभी तक संचालन शुरू होने की तिथि घोषित नहीं की गई है। इससे यात्रियों में निराशा और असमंजस की स्थिति बनी हुई है। श्री तिवारी ने कहा कि इस ट्रेन की बढ़ी हुई आवृत्ति से सरगुजा संभाग, उत्तर छत्तीसगढ़ और असपास के क्षेत्रों के लाखों यात्रियों को सीधा लाभ मिलेगा। विद्यार्थियों, मरीजों, व्यापारियों, सरकारी कर्मचारियों और आम यात्रियों की यात्रा अधिक सुविधाजनक होगी। उन्होंने रेल मंत्री से कोच, क्रू, इंजन लिंक और अन्य सभी आवश्यक तैयारियां शीघ्र पूरी कर संचालन की तिथि तत्काल घोषित करने तथा नियमित संचालन जल्द शुरू कराने का अनुरोध किया है। रेलवे बोर्ड की स्वीकृति के बाद भी संचालन में हो रहा अनावश्यक विलंब यात्रियों की अपेक्षाओं के अनुरूप नहीं है। उन्होंने रेल मंत्री से व्यक्तिगत हस्तक्षेप कर इस स्वीकृति का शीघ्र क्रियान्वयन कराने का आग्रह किया है।

## पेज 1 के शेष...

### कोई भी शिक्षा से वंचित न रहे...

के क्षेत्र में बेहतर कार्य किए जा रहे हैं। भवन विहीन विद्यालयों में भवन की स्वीकृति दी गई है, बच्चों का जाति प्रमाणपत्र निर्माण कराया गया है, पीवीटीजी बच्चों को अगली कक्षा में प्रवेश दिलाया गया है। कार्यक्रम के दौरान कक्षा पहली, छठवीं एवं नवमी में प्रवेश लेने वाले नवप्रवेशी बच्चों को गणवेश, पाठ्यपुस्तकें, कॉपियां, बैग, अध्ययन सामग्री सहित जरूरी शैक्षणिक सामग्री वितरित किए गए। वहीं साइकिल वितरण योजना के अंतर्गत पात्र 21 छात्राओं को साइकिल वितरित किया। इस दौरान महापौर श्रीमती मंजूषा भगत, जिपं अध्यक्ष श्रीमती निरूपा सिंह, जिपं उपाध्यक्ष देवनारायण यादव, ननि सभापति हरमिंदर सिंह टिन्नी, संयुक्त संचालक संजय गुप्ता, डीईओ दिनेश झा सहित अन्य मौजूद थे।

## निधन



### गौरव सिन्हा

**अम्बिकापुर।** शहर के सत्तीपारा निवासी गौरव सिन्हा आ. स्व. मणि भूषण सिन्हा का ब्रेन हेमरेज से 39 वर्ष की आयु में आकस्मिक निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार शंकर घाट स्थित मुक्तिधाम में किया गया। मुखाग्नि भतीजे एसराज सिन्हा ने दी। वे श्रीकुमार सिन्हा के भाई थे। उनके अंतिम यात्रा में स्वजन सहित बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक शामिल हुए।

## धान की रोपाई में आई तेजी

# औसत वर्षा का कोटा अभी अधूरा, अब तक सामान्य से 200 मिमी कम वर्षा

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

**खास बात**
- 60 फीसदी खेत अभी भी खाली

जुलाई में कमोवेश लगातार वर्षा हो रही है। लगातार बारिश से खरीफ फसलों की रोपाई-बुनाई की स्थिति में व्यापक बदलाव आया है। किसान तेजी से धान की रोपाई कर रहे हैं। हालाकि लगातार बारिश के बावजूद अभी तक औसत वर्षा का कोटा पूरा नहीं हो सका है। मौसम विज्ञानी जुलाई के शेष दिनों में भी अच्छी वर्षा होने की संभावना जता रहे हैं।

जुलाई महीना शुरू होने के बाद से ही वर्षा की स्थिति में काफी सुधार आया है। मानसून की मेहरबानी से फिलहाल सूखे के संकट से राहत मिल गई है। लगातार बारिश होने से खेतों की शेड लबालब हो गए हैं तथा किसान उत्साहपूर्वक अपने खेतों में धान की रोपाई कर रहे हैं। जून में काफी कम वर्षा होने के कारण खरीफ खेती में काफी विलम्ब हुआ है। हालांकि मानसून की सक्रियता से किसान काफी उत्साहित हैं। इसी तरह आगे भी वर्षा होती रही तो खरीफ खेती के अनुकूल रहने की उम्मीद जताई जा रही है। मौसम विभाग के आंकड़ों के अनुसार सरगुजा में जुलाई तक औसत 625 मिमी वर्षा होती है लेकिन इस बार अब तक कुल वर्षा मात्र 440 मिमी रिकॉर्ड की गई है। जून में औसत वर्षा 200 मिमी की जगह इस बार मात्र 109 मिमी वर्षा हुई है जबकि जुलाई में औसत वर्षा 450 मिमी की तुलना में 316 मिमी वर्षा रिकॉर्ड की गई है। जुलाई में अभी 10 दिन शेष बचे हैं तथा मौसम विज्ञानी शेष बचे दिनों में जुलाई का कोटा पूरा होने की संभावना व्यक्त कर रहे हैं। जून में हुई कम वर्षा के कारण सूखे की स्थिति निर्मित होने की बात कही जा रही है। विशेषज्ञों का कहना है कि जून में पर्याप्त वर्षा होने पर अधिकांश किसान धान का बीड़ा लगा देते हैं तथा जुलाई में रोपाई करते हैं। जून में कम वर्षा होने के कारण किसानों ने जुलाई में धान का बीड़ा लगाया तथा बारिश होने पर अब धान की रोपाई कर रहे हैं। कम बारिश होने के कारण कुछ क्षेत्रों के किसान अब धान का बीड़ा लगा रहे है। कृषि वैज्ञानिकों का कहना है कि धान की रोपाई मध्य अगस्त तक होती है। बीच-बीच में वर्षा होती रहे तो फसल अनुकूल होती है।

बलरामपुर जिला में पर्याप्त वर्षा हुई है तथा अब तक सामान्य से 5 फीसदी अधिक वर्षा हो चुकी है। जबकि सूरजपुर में सामान्य से 39 फीसदी तथा सरगुजा में 58 फीसदी कम वर्षा दर्ज की गई है। संभाग के अन्य जिलों में भी सामान्य से कम वर्षा हुई है लेकिन वर्षा के मामले में छत्तीसगढ़ अंतर्गत सरगुजा में सबसे कम वर्षा दर्ज की गई है।



खेत में रोपा लगाते ग्रामीण।

### आधे से भी कम रकबे में रोपाई

कम वर्षा होने के कारण इस बार अधिकांश किसानों ने अपने खेतों में सीधे धान की बुनाई की है। कृषि विभाग के आंकड़े के अनुसार बोथा धान की बुनाई 90 फीसदी पूरी हो चुकी है जबकि रोपा धान का लक्ष्य मात्र 42 फीसदी ही पूरा हो सका है। इस साल विभाग ने 24800 हेक्टेयर क्षेत्रफल में बोता धान एवं 48100 हेक्टेयर में रोपा धान लगाने का लक्ष्य निर्धारित किया है। अभी तक 22365 हेक्टेयर में धान की बुनाई एवं 20165 हेक्टेयर में धान की रोपाई पूरी हो चुकी है। मौसम के प्रतिकूल होने के कारण इस बार उड़द, मूंग की खेती पर विपरीत प्रभाव पड़ा है तथा क्रमशः 360 हेक्टेयर एवं 221 हेक्टेयर क्षेत्रफल में ही इन फसलों की बुनाई हो सकी है। किसान अभी भी विभिन्न फसलों की बुनाई कर रहे हैं।

### घुनघुट्टा बांध में भरा 65 फीसदी पानी

लगातार बारिश होने से सिंचाई बांधों का जलस्तर तेजी से बढ़ रहा है। घुनघुट्टा बांध में अब तक 65 फीसदी पानी भर गया है। घुनघुट्टा बांध एवं कुंवरपुर सिंचाई बांध से विभाग 25 जुलाई से ही सिंचाई के लिए लगातार पानी उपलब्ध करा रहा है। जल संसाधन विभाग के अधिकारियों के अनुसार बांध में हर रोज 4-5 फीसदी पानी बढ़ रहा है। इसी तरह वर्षा होती रह तो एक सप्ताह में बांध में क्षमता का 75 फीसदी पानी भर जाएगा तथा कभी भी बांध का गेट खोलने की स्थिति निर्मित हो सकती है। इसके विपरीत कुंवरपुर सिंचाई बांध में 40 फीसदी, बननई सिंचाई बांध में 20 फीसदी तथा बांकी बांध में मामूली जलभराव हुआ है। घुनघुट्टा बांध के माध्यम से क्षेत्र के 55 गांवों में लगातार सिंचाई की सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है।

### प्रभावी है लो-प्रेशर

अभी भी लो प्रेशर प्रभावी है तथा उत्तर छत्तीसगढ़ के ऊपर केंद्रित है। इसके प्रभाव से मध्य छत्तीसगढ़ में अच्छी वर्षा होने की संभावना है। आगामी दिनों में भी मानसून के अनुकूल रहने की संभावना है।

-**अक्षय मोहन भट्ट**, मौसम विज्ञानी

# पति ने तीन तलाक बोलकर पत्नी बच्चों को निकाला घर से

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजपुर

- दहेज के लिए पति सहित सास-ससुर पर प्रताड़ित करने का आरोप
- पुलिस ने किया अपराध दर्ज

दहेज को लेकर पति ने न सिर्फ पत्नी को प्रताड़ित करता था बल्कि गर्भपात नहीं कराने पर पत्नी के साथ मारपीट कर तीन बार तलाक, तलाक बोलकर पत्नी व बच्चों को घर से निकाल दिया। पीड़िता की रिपोर्ट पर राजपुर पुलिस ने अपराध दर्ज कर जांच कर रही है।

जानकारी के अनुसार भटगांव थाना अंतर्गत ग्राम मलगा निवासी 27 वर्षीय महिला ने राजपुर थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है कि उसका विवाह बरियो पुलिस चौकी क्षेत्र के ग्राम आरा निवासी इस्तेयाक अंसारी आ. निशार अहमद (30 वर्ष) के साथ 16 मार्च 2017 को मुस्लिम विधि के तहत समाज के प्रबुद्ध जनों की उपस्थिति में सम्पन्न हुआ था। विवाह के बाद पति के साथ आरा में दाम्पत्य जीवन का निर्वहन करने लगी। ग्राम आरा में पति एवं सास ससुर, जेठ-जेठानी का संयुक्त परिवार था। विवाह के एक वर्ष बाद पति तथा सास, ससुर एवं जेठ द्वारा दहेज में कम पैसा लाने के संबंध में ताना देने लगे और पिता से पैसा मंगवाने को लेकर गाली गलौज तथा मारपीट करने लगे। माता-पिता तथा रिश्तेदारों द्वारा कई बार समझाया गया, उसके बावजूद पति सहित सास-ससुर का व्यवहार पहले जैसा ही बना रहा। साथ ही बार बार तलाक देने की धमकी दिया जाता था। सास ससुर तथा जेठ द्वारा भी उसके पति को तुरंत तलाक देकर घर से बाहर करने के संबंध में बोला जाता था। इसके बाद भी किसी तरह से सबकुछ बर्दास्त करते रही। दाम्पत्य संबंध से दो बच्चे भी हैं। इस वर्ष जब तीसरी बार गर्भवती हुई, तो पति सहित परिवार के लोग गर्भ गिराने के लिए जबरन बोलने लगे और जब मना किया तो 7 फरवरी को पति इस्तेयाक अंसारी द्वारा मारपीट करने के साथ एक साथ तीन बार तलाक, तलाक, तलाक, बोलकर दोनों बच्चों सहित घर से बाहर कर दिया गया और पति द्वारा यह कहा गया कि मैं तुझे तलाक दे दिया हूं, अब तुम हमारी पत्नी नहीं रहीं और घर में घुसने नहीं दिया गया, ताला बंद कर दिया गया। पीड़िता की रिपोर्ट पर पुलिस ने पति इस्तेयाक अंसारी, सास जैतून निशा एवं ससुर नेशार अहमद के विरूद्ध मुस्लिम महिला विवाह अधिकार संरक्षण अधिनियम 2019 की धारा 4 एवं धारा 85 के तहत अपराध दर्ज किया है।



# लाठीचार्ज के विरोध में कांग्रेस का प्रदर्शन, किया गया पुतला दहन

**अंबिकापुर।** परीक्षा लीक पर शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे की मांग कर रहे छात्रों पर बर्बर लाठीचार्ज के विरोध में मंगलवार को जिला कांग्रेस कमेटी सरगुजा, युवा कांग्रेस और एनएसयूआई ने संयुक्त रूप से देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का पुतला दहन कर अपना विरोध प्रदर्शन किया। प्रदेश कांग्रेस कमेटी के आवाहन पर पूरे प्रदेश में इस घटना के विरोध में पुतला दहन किया गया। कांग्रेस का आरोप है कि मोदी सरकार के आने के बाद इस देश मे नीट सहित 152 परीक्षा के पेपर लीक हो चुके हैं। नीट परीक्षा लीक जे बाद 21 छात्रों ने हताशा में आत्महत्या कर लिया है। इसको लेकर देश मे भारी असंतोष है। सरकार ने इस असंतोष के प्रति न केवल असंवेदनशील रवैया अपनाया हुआ है, साथ ही इस मामले में विफल रहे शिक्षा मंत्री से भी इस्तीफा लेना उचित नहीं समझा। बजाय कार्रवाई करने के सरकार छात्रों पर लाठीचार्ज कर रही है। इसके विरोध में आज घड़ी चौक पर भारी बारिश के बीच प्रधानमंत्री का पुतला दहन किया गया। इस दौरान जिला कांग्रेस के महामंत्री और युवा कांग्रेस एवं एनएसयूआई के प्रभारी आलोक सिंह ने प्रधानमंत्री को डरपोक करार देते हुए कहा कि अपनी मांग को लेकर संसद आ रहे छात्रों को सुनने के बजाय प्रधानमंत्री भाग खड़े हुए। उन्होंने यह भी कहा कि संघ के गुंडों ने पुलिस के साथ मिलाकर छात्रों को पीटा और उन्हें लहूलुहान किया। इस घटना पर उन्होंने शिक्षा मंत्री के साथ ही साथ गृहमंत्री अमित शाह के इस्तीफे की भी मांग की। इस दौरान कांग्रेस जिलाध्यक्ष बालकृष्ण पाठक, शफी अहमद, राकेश गुप्ता, हेमंत सिन्हा, इंदरजीत सिंह धंजल, संजीव मंदिलवार, मदन जायसवाल, असफाक अलि, संजय सिंह, जीवन यादव, अविनाश कुमार, शुभम जयसवाल, परवेज आलम गांधी, आदि मौजूद थे।

# रेलवे स्टेशन से लापता बालक को किया गया बरामद

**अंबिकापुर।** रेलवे स्टेशन से लापता हुए बच्चे को पुलिस ने बरामद करने में सफलता हासिल की है। लावारिश रूप से भटक रहे बच्चे को एक ग्रामीण ने अपने पास रख लिया था और ग्रामीणों के साथ मिलकर पुलिस के सुपुर्द कर दिया। पुलिस ने बच्चे को उसके माता-पिता के सुपुर्द कर दिया है। बता दें कि 15 जुलाई को 40 वर्षीय कुन्नी लाल सिंह ने गांधीनगर पुलिस से शिकायत दर्ज कराई थी कि वह कोरिया जिले के डबरी पानी का रहने वाला है और अजिरमा में किराए के माकन में रहकर मजदूरी करत है। घटना दिवसी को वह मेमू से अपने तीन साल के बेटे को लेकर आया था। इस दौरान वह खाने-पीने के बाद स्टेशन पर ही सो गया और उसके बच्चे को कोई बहला फुसला कर ले गया। शिकायत पर पुलिस द्वारा बीएनएस की धारा 137(2) के तहत शून्य में अपराध दर्ज किया गया। मामले को गंभीरता से लेते हुए एसएसपी राजेश अग्रवाल ने लापता बालक की तलाश के निर्देश दिए थे। इस बीच कोतवाली थाना अंतर्गत ग्राम गांझाडांड निवासी ग्रामीण द्वारा बच्चे को लावारिस हालत में देखकर बच्चे को अपने साथ रखकर की बात सामने आई। ग्रामीण बच्चे के परिजन की तलाश कर रहा था और परिजन के संबंध में कोई जानकारी नहीं मिलने पर अपने घर में बच्चे को रख लिया। इसके साथ ही चौकी रघुनाथपुर लाकर नाबालिग बालक को पेश किया है। बालक की पहचान होने पर परिजन को इसकी सूचना दी गई और आरपीएफ की मदद से बच्चे को सुपुर्द किया गया। इस कार्रवाई में थाना प्रभारी गांधीनगर प्रवीण कुमार द्विवेदी, आरपीएफ प्रभारी अंबिकापुर सुनीता मिंज, चौकी प्रभारी रघुनाथपुर आरएन पटेल, प्रधान आरक्षक कंट्रोल रूम गणेश कदम, आरक्षक उमेश खुटिया सक्रिय रहे।

### पढ़ने से बचने घर में छिपा बच्चा

शहर में एक और बच्चे के गुम होने का मामला सामने आया है। पुलिस के अनुसार गांधीनगर एमजी रोड निवासी व्यक्ति ने सूचना दी थी कि 20 जुलाई की रात 8 बजे उनका बच्चा घर से कहीं चला गया। पुलिस द्वारा नाबालिग की तलाश की जा रही थी। पुलिस ने बच्चे को प्रार्थी के घर से ही बरामद कर परिजन को सुपुर्द किया गया है। नाबालिग बालक पढ़ने से बचने के लिए घर में छुपकर रहना बताया है।

### बारिश में बही मरम्मत की गई पुलिया, ग्रामीण परेशान

**रामानुजनगर।** जनपद पंचायत रामानुजनगर के ग्राम पंचायत शिवपुर में तालाब के पास मरम्मत की गई पुलिया पहली ही बरसात के पानी में पूरी तरह बह गई है। पुलिया के बह जाने से ग्रामीणों की परेशानी बढ़ गई है। सामाजिक कार्यकर्ता विशाल दुबे ने कलेक्टर को ज्ञापन सौंपकर जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी और सचिव पर मरम्मत के नाम पर खानापूर्ति किए जाने का आरोप लगाया है। पुलिया बहने से ग्रामीण, स्कूली बच्चे और किसानों का आवागमन पूरी तरह ठप हो गया है और हादसे की आशंका बनी हुई है। उन्होंने मामले में दोषी अधिकारियों और सचिव के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने की मांग की है।

# राज्य स्तरीय ऑर्गन डोनेशन समिति में सरगुजा के चार प्रतिनिधियों को मिला दायित्व

- सरगुजा की सेवा को मिला राज्यस्तरीय सम्मान

**अंबिकापुर।** भारतीय रेड क्रॉस सोसाइटी, जिला शाखा सरगुजा के लिए यह अत्यंत गौरव एवं हर्ष का विषय है कि भारतीय रेड क्रॉस सोसाइटी, छत्तीसगढ़ राज्य शाखा द्वारा गठित 15 सदस्यीय राज्य स्तरीय ऑर्गन डोनेशन समिति में सरगुजा जिले के चार प्रतिनिधियो (आजीवन सदस्य) को महत्वपूर्ण दायित्व प्रदान किए गए हैं। इनमें श्रीमती आकांक्षा श्रीवास्तव को वाइस चेयरमैन, तथा श्रीमती अंजुला गौतम मिश्रा, श्रीमती संध्या सिंह एवं श्री आर्यन सिन्हा को राज्य स्तरीय सदस्य के रूप में नामित किया गया है। विशेष उल्लेखनीय तथ्य यह है कि सरगुजा से तीन महिला प्रतिनिधियों को राज्य स्तरीय समिति में स्थान मिला है, जो जिले के लिए गर्व और सम्मान का विषय है। यह उपलब्धि भारतीय रेड क्रॉस सोसाइटी, जिला शाखा सरगुजा के चेयरमैन अदितेश्वर शरण सिंह देव के नेतृत्व में विगत कई वर्षों से संचालित रक्तदान महादान-अंगदान जीवनदान जनजागरूकता अभियान, संगठन की सक्रिय कार्यशैली तथा समर्पित स्वयंसेवकों के सतत प्रयासों का परिणाम मानी जा रही है। जिला शाखा द्वारा रक्तदान के साथ-साथ नेत्रदान, अंगदान एवं देहदान जैसे मानवीय विषयों पर समाज में जागरूकता लाने तथा इन विषयों को शासन स्तर तक प्रभावी ढंग से पहुँचाने का निरंतर प्रयास किया जाता रहा है। रायपुर में आयोजित राज्य स्तरीय ऑर्गन डोनेशन समिति की प्रथम बैठक में इन विषयों को सरगुजा के प्रतिनिधियों द्वारा प्रमुखता से प्रस्तुत किया गया, जिस पर विस्तृत विचार-विमर्श उपरांत समिति ने सर्वसम्मति से महत्वपूर्ण प्रस्ताव पारित किए। बैठक उपरांत भारतीय रेड क्रॉस सोसाइटी, छत्तीसगढ़ राज्य शाखा के चेयरमैन तोमन साहू के नेतृत्व में समिति के प्रतिनिधिमंडल ने राज्यपाल रमेन डेका से लोक भवन (राजभवन) रायपुर में शिष्टाचार भेंट कर मांग-पत्र सौंपा। भारतीय रेड क्रॉस सोसाइटी जिला शाखा सरगुजा का मानना है कि जिन जनहितकारी विषयों को जिला शाखा वर्षों से निरंतर शासन के समक्ष उठाती रही, उन्हीं विषयों का राज्य स्तरीय समिति द्वारा सर्वसम्मति से अनुमोदन एवं महामहिम राज्यपाल के समक्ष प्रस्तुतीकरण सरगुजा के सतत सेवा, समर्पण एवं रचनात्मक प्रयासों के प्रति व्यक्त विश्वास का प्रतीक है। इस अवसर पर भारतीय रेड क्रॉस सोसाइटी, जिला शाखा सरगुजा के चेयरमैन अदितेश्वर शरण सिंह देव ने राज्य स्तरीय समिति में मनोनीत सभी सदस्यों को हार्दिक शुभकामनाएँ देते हुए कहा कि यह सम्मान केवल चार सदस्यों का नहीं, बल्कि सरगुजा जिले के संपूर्ण रेड क्रॉस परिवार, स्वयंसेवकों, रक्तदाताओं एवं समाजसेवियों की वर्षों की निष्ठा, सेवा और समर्पण का सम्मान है। हमें पूर्ण विश्वास है कि राज्य स्तरीय समिति छत्तीसगढ़ में नेत्रदान, अंगदान एवं देहदान के क्षेत्र में नई चेतना का संचार करेगी तथा मानव सेवा के इस महाअभियान को नई उंचाइयों पर पहुंचाएगी।



### की गई ये मांगे

मांग-पत्र में विशेष रूप से अंगदान एवं देहदान करने वाले व्यक्तियों को पड़ोसी राज्यों मध्यप्रदेश एवं ओडिशा की भांति मरणोपरांत गार्ड ऑफ ऑनर प्रदान किए जाने, विश्व अंगदान दिवस (13 अगस्त) के अवसर पर अंगदान करने वाले व्यक्तियों के परिजनों, पंजीकृत प्रत्यारोपण (ट्रांसप्लांट) संस्थानों के निदेशकों, चिकित्सकों एवं ट्रांसप्लांट को-ऑर्डिनेटर्स का राज्य स्तरीय सम्मान आयोजित किए जाने सहित विभिन्न महत्वपूर्ण सुझाव सम्मिलित थे। राज्यपाल ने समिति की इस मानवीय पहल की सराहना करते हुए प्रस्तावों पर सकारात्मक मार्गदर्शन प्रदान किया तथा आवश्यक शासन स्तरीय कार्यवाही हेतु उन्हें अग्रेषित किए जाने का आश्वासन दिया। साथ ही उन्होंने विश्व अंगदान दिवस (13 अगस्त) के अवसर पर राज्य स्तरीय कार्यक्रम आयोजित कर समाज में नेत्रदान, अंगदान एवं देहदान के प्रति व्यापक जनजागरूकता बढ़ाने पर विशेष बल दिया।




**एक पौधा- एक जीवन, एक संकल्प थीम पर किया गया पौधरोपण**

# समता बुद्ध विहार परिसर में सौंदर्यीकरण पर्यावरण संरक्षण महोत्सव का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

पर्यावरण संरक्षण को जनआंदोलन का स्वरूप देने और हरियाली बढ़ाने के उद्देश्य से मंगलवार को बिश्रामपुर स्थित समता बुद्ध विहार परिसर में सौंदर्यीकरण एवं पर्यावरण संरक्षण महोत्सव का आयोजन किया गया। एक पौधा—एक जीवन, एक संकल्प थीम पर आयोजित इस कार्यक्रम में एसईसीएल अधिकारियों, सामाजिक संगठनों, शिक्षकों, विद्यार्थियों और स्थानीय नागरिकों ने भाग लेते हुए पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लिया। कार्यक्रम की शुरुआत अतिथियों के पारंपरिक स्वागत से हुई।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एसईसीएल बिश्रामपुर क्षेत्र के क्षेत्रीय महाप्रबंधक संजय सिंह थे। अन्य अतिथियों में कार्मिक प्रबंधक शिंदे, सुरक्षा प्रभारी श्याम सुंदर, पर्यावरण विभाग के प्रिंस प्रजापति, सिस्टा एसोसिएशन के अध्यक्ष राम बिहारी राम, क्षेत्रीय सचिव ओमप्रकाश पैकरा सहित कई अधिकारी एवं सामाजिक प्रतिनिधि मंचासीन रहे। कार्यक्रम की विशेषता यह रही कि प्रत्येक प्रतिभागी ने स्वयं पौधा लगा उसके साथ नेमप्लेट लगाकर अपनी भागीदारी दर्ज कराई। आयोजकों का कहना था कि इससे पौधों की नियमित देखभाल सुनिश्चित होगी और लोग अपने लगाए पौधों के प्रति जिम्मेदारी महसूस करेंगे।

इस अवसर पर एसएस मुंडा, राजेश, रामराज, सजल मित्रा, देव चौधरी, परवीन, सावित्री बाई फुले महिला समिति की अध्यक्ष मीना एवं समिति के पदाधिकारीयों के नेतृत्व में बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं ने भी भाग लिया।




आयोजकों ने बताया कि 21 जुलाई को पूरे देश में कोल इंडिया लिमिटेड एवं उसकी सभी सहायक कंपनियों द्वारा एक साथ विशाल पौधरोपण अभियान चलाया गया। इसका उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण के साथ-साथ गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड में अपना नाम दर्ज कराना भी है। बताया जा रहा है कि इस अभियान के तहत एसईसीएल को लगभग साढ़े तीन लाख पौधे लगाने का लक्ष्य दिया गया है, जबकि बिश्रामपुर क्षेत्र के लिए 40 हजार पौधों का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। कार्यक्रम के दौरान वक्ताओं ने कहा कि बढ़ते प्रदूषण और जलवायु परिवर्तन की चुनौतियों से निपटने के लिए पौधरोपण सबसे प्रभावी उपायों में से एक है।




